CMYK

तापमान
अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स
80,288.38
24,335.95

सोना चांदी
98,835
1,00,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, बुधवार 30 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 334 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## कनाडा चुनाव में रचा गया इतिहास, फिर जीती ट्रूडो की पार्टी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए आम बात: वैभव

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# जम्मू: सुरक्षा चिंताओं के बीच 48 पर्यटन स्थल बंद

■ जो पर्यटन स्थल खुले हैं वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में प्राधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए घाटी के कम से कम 48 रिजॉर्ट और पर्यटन स्थलों को 'बंद' कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह निर्णय पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सभी जिलों में किए गए व्यापक सुरक्षा ऑडिट के बाद लिया गया है। हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी मारे गए थे। सुरक्षा ऑडिट का उद्देश्य सुरक्षा चूक का आकलन करना और सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना था। पर्यटकों के लिए अब प्रतिबंधित प्रमुख स्थलों में बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी, बड़गाम में यूसमर्ग और दूधपथरी, दक्षिण कश्मीर में अहरबल, कोंसरनाग और वेरीनाग, बारामूला में कमान पोस्ट और कुपवाड़ा में सुरम्य बंगस घाटी शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि यह बंद अस्थायी है और आने वाले दिनों में बदलती सुरक्षा स्थिति के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जो पर्यटक स्थल खुले हैं, वहां पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केन्द्रशासित प्रदेश वन विभाग ने भी पर्यटकों के लिए अपने सभी ट्रैकिंग रूट बंद कर दिए हैं। पिछले चार वर्षों में स्थानीय और गैर-स्थानीय दोनों तरह के पर्यटक कश्मीर के मैदानों और अल्पाइन ट्रेल्स पर खास तौर पर गर्मियों के ट्रैकिंग सीजन के दौरान आते रहे हैं।



## पाकिस्तानी सेना ने लगातार 5वीं रात नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा कि 28-29 अप्रैल 2025 की रात को, पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामूला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# एक लाख का इनामी जितेंद्र मुठभेड़ में ढेर

**मैनपुरी, वार्ता**

**उत्तर प्रदेश** में मैनपुरी के एलाऊ क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक दुर्दांत अपराधी को मार गिराया गया।

मैनपुरी जिले की पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एलाऊ क्षेत्र में बीती देर रात को हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। मारे गए बदमाश पर हाथरस जिले के राशन डीलर योगेश उपाध्याय की हत्या सहित कई अन्य मामले दर्ज थे। एलाऊ थाना क्षेत्र के तारापुर कट पर जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी हाथरस और एसटीएफ की टीम के बीच हुई मुठभेड़ में जितेंद्र मारा गया। खुद को पुलिस से घिरा देख जितेंद्र ने पुलिस पर फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में जितेंद्र गोली लगने से मारा गया।



## भारत का लड़ाकू विमान गिराने का पाकिस्तानी सेना का दावा झूठा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू विमान को गिराए जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है। पत्र सूचना कार्यालय ने लोगों को इस तरह के बिना प्रमाणित दावों से संबंधित पोस्ट को साझा करने में एहतियात बरतने की सलाह दी है।

## मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोप में यहां के गोमती जिले में महारानी निवासी समीद मिया नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि समीद गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने घर में नहीं रह रहा था। उसे सोमवार को सिपाहीजाला जिले के सोनामुरा के तेलकाजला इलाके से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उपजे तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। हिंदू जागरण मंच के प्रतिनिधियों ने समीद मिया द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद मामला दर्ज कराया है। पुलिस आपत्तिजनक पोस्ट के पीछे के मकसद की जांच कर रही है।

## रेलवे परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान पेन व पेंसिल बैन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और परीक्षार्थियों को हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी। रेल मंत्रालय ने सभी रेलवे भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नई सूची जारी की गई है। परिपत्र में कहा गया है कि आरआरबी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कुछ निश्चित नियम होते हैं, जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों में कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

## भारत-पाक के बीच तनाव का गुबार बरकरार

# पीएम की सेना को खुली छूट

### हाई लेवल मीटिंग में राजनाथ सिंह, सीडीएस व एनएसए डोभाल रहे मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर -शेष पृष्ठ दो पर



■ शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में कहा- जवाब कब व कैसे देना है, यह तय करने के लिए सेना स्वतंत्र

## पाक नागरिकों के मेडिकल वीजा की डेडलाइन भी खत्म

**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के आदेश पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार सुबह अटारी बॉर्डर से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक भारत से वापस चले गए। मंगलवार को पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा की वैधता भी खत्म हो गई।

मेडिकल वीजा पर आए पाकिस्तानियों ने आज भारत नहीं छोड़ा, तो उन्हें गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। उन्हें तीन साल जेल या तीन लाख रुपये जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। अटारी बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण पाल ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों के लिए शॉर्ट टर्म वीजा की वैधता 27 अप्रैल को ही खत्म हो गई थी। सोमवार तक 800 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिक अटारी बॉर्डर के जरिये भारत से गए हैं। वहीं, 1000 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से भारत वापस लौटे हैं। भारत सरकार ने 25 अप्रैल को पाकिस्तानी नागरिकों के देश से जाने के आदेश को लेकर नोटिस जारी किया था।

■ भारत नहीं छोड़ने पर तीन लाख जुर्माना व तीन साल जेल, अब तक 800 से ज्यादा पाक नागरिक लौटे

# पहलगाम हमला: खड़गे व राहुल ने की विशेष सत्र बुलाने की मांग

■ कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है, इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है। पार्टी ने दोनों पत्र मंगलवार को मीडिया के लिए जारी किए हैं।इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा।

## IMF के पाकिस्तान को ऋण देने के प्रस्ताव का विरोध करे भारत: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अपने लचीलापन और स्थिरता सुविधा नीति के तहत पाकिस्तान को भारी भरकम ऋण देने के लिए अगले माह बैठक कर रहा है, जिसका भारत को कड़ा विरोध करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषणा की है कि उसकी कार्यकारी बोर्ड की बैठक नौ मई को होगी, जिसमें लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत पाकिस्तान को 13,000 लाख डॉलर के नए ऋण के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपेक्षा करती है कि भारत, आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित इस सहायता का दृढ़ता से विरोध करेगा।

## बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की भी यूपी से होगी विदायी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश से शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करने के बाद सुरक्षा बलों के निशाने पर अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए हैं।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की तलाश तेज कर दी गई है। पाकिस्तानियों के बाद रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें खदेड़ा जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों और गुप्तचर एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के डीएम, कप्तान और पुलिस कमिश्नर को निर्देश भेजे गए कि नाम बदल कर रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की तलाश तेज की जाए ताकि उन्हें उनके गंतव्य की ओर रवाना किया जा सके।

## अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर एक्शन

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है।

# राजस्थान में रिकॉर्ड गर्मी यूपी में छाये रहे बादल

■ जैसलमेर-बाड़मेर में पारा 46 डिग्री पार, बिहार में आंधी- तूफान का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने 7 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस था।

यह अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 को तापमान 46.1 डिग्री था। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में तापमान 46.4 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत बाकी शहरों में भी तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में दो दिन भीषण गर्मी होगी। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश और यूपी में मंगलवार को बारिश का अलर्ट है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश में 2 मई और यूपी में 3 मई तक बूंदाबांदी जारी रहेगी। लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी के 35 से ज्यादा जिलों का तापमान 40 डिग्री से कम हो गया है।

# पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले की पीट-पीटकर हत्या

**बेंगलुरु, वार्ता**

■ पुलिस ने घटना के सिलसिले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया

**कर्नाटक के गृह मंत्री** डा. जी. परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ित चोटों के कारण सदमे में था और फिर दम तोड़ दिया। कानून प्रवर्तन अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है और अधिकारियों को अभी भी इसमें शामिल लोगों की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करनी है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डा. परमेश्वर ने जनता से शांत रहने और समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचने का आग्रह किया।

# टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी भारत का भविष्य बदलेगी: पीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कहा: एआई को देश के लिए उपयोगी बनाएगी सरकार
■ 25 साल में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वाईयूजीएम कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है।

मोदी ने कहा कि हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो। कॉन्क्लेव का मकसद इनोवेशन का एक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे निजी क्षेत्र के निवेश को रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा सके। कॉन्क्लेव के जरिये गवर्नमेंट, एकेडेमिया, इंडस्ट्री और इनोवेशन क्षेत्र के प्रमुख लोगों को एक साथ लाना है। इसके लिए कान्क्लेव में हाई लेवल मीटिंग्स और पैनल डिस्कशन होंगे। इनमें सरकारी अधिकारी, प्रमुख उद्योगपति और शिक्षाविद शामिल होंगे। साथ ही कॉन्क्लेव में इनोवेशन क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए करीब 1,400 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें सरकार और गैर-सरकारी संस्थाओं ने निवेश किया है। इस कार्यक्रम से कई अहम प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होगी। आईआईटी कानपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और इंटेलिजेंट सिस्टम का सुपरहब बनेगा। आईआईटी बॉम्बे में बायोसाइंसेज, बायोटेक्नोलाजी, हेल्थ और मेडिकल के क्षेत्र में सुपरहब स्थापित किए जाएंगे। कई प्रमुख रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क (विन) सेंटर्स की स्थापना की जाएगी, ताकि रिसर्च वर्क को बिजनेस लेवल तक लाया जा सके। कॉन्क्लेव में स्पेशल स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी भी लगेंगी इस कान्क्लेव में पूरे भारत से बेहतरीन डीप टेक स्टार्टअप्स के इनोवेशंस को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

# पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

### कहा: देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इन्कार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा।

बेंच ने कहा कि व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिये जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया।

**इस बात की जांच करनी होगी जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है**



याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। पेगासस मामले में पत्रकार परंजाय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि व्हाट्सएप ने खुद ही खुलासा किया है कि हैकिंग हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे। यहां तक कि एक्सपर्ट्स ने भी ऐसा नहीं कहा था। अब आपके पास व्हाट्सएप से मिला सबूत है। हम उसे सार्वजनिक करेंगे। पेगासस जांच रिपोर्ट का संशोधित हिस्सा उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनकी जासूसी हुई है। हालांकि केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल करने में कुछ भी गलत नहीं है और उन्हें निजता का अधिकार नहीं दिया जा सकता। भारत सरकार ने 2017 में इजरायली कंपनी एनएसओ ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बघौचघाट क्षेत्र में पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बघौचघाट क्षेत्र में पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध 27 अप्रैल को कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों में से कुछ ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और वीडियो की जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने इस मामले में मुकदमा भी दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा ने सोमवार को यहां बताया कि उक्त प्रकरण के संबंध में कैण्डल मार्च से सम्बन्धित वीडियो को एकत्र कर क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा साइबर सेल की मदद से वृहद् गहनता से जांच की जा रही है।

### जाति के नाम पर वैमनस्यता फैला रहा है विपक्षः भाजपा

**लखनऊ( ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है। जाति व वर्ग के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैला रहा है। प्रतापगढ़ में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में सिंह ने सोमवार को कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें लोगों के बीच में जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम को समाप्त करना है तथा सभी को भाजपा की राष्ट्रवादी विच. ारधारा से जोड़ना है। पार्टी के प्रत्येक पूर्व पदाधिकारी को संगठन के कार्यों से जोड़ना है तथा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की संगठनात्मक कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित व परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा का विजय परचम पूरे देश में फहरा रहा है। उन्होंने पार्टी के पूर्व, निवर्तमान तथा वर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक को भी संबोधित किया और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह प्रदेश में लगातार उन विधानसभाओं के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों के साथ बैठक कर रहे है, जहां पिछले चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।

### निजी मेडिकल कॉलेज में मिला नर्स का शव

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र में सोमवार को एक निजी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स का शव उसके कमरे में पाया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में नर्स की पढ़ाई करने के बाद करने के बाद आरती देवल (26) उसी कॉलेज में नौकरी करने लगी यह मेडिकल कॉलेज कैंपस में ही बने आवास में रहती थी। आज जब यह अस्पताल नहीं पहुंची तो इसके सहकर्मियों ने इसके आवास पर जाकर देखा, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने जब कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वहां पर आरती देवल मृत पड़ी थी। पुलिस ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि इसमें बेहोशी की अत्यधिक मात्रा में दवाई ली थी जिसके चलते इसकी मौत हो गई, लेकिन परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## आतंकी हमले पर सपा नेताओं का बयान शर्मनाकः योगी

# जातिवाद की राजनीति से सुरक्षा खतरे में

देवरिया, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उनके बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाक का प्रवक्ता बयान दे रहा है।

योगी ने कहा कि सोमवार को मुंबई में सपा के एक पदाधिकारी ने शर्मनाक बयान दिया। आतंकवादियों ने कानपुर के शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी। इस पर जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से उनके घर पर न जाने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। उन्होने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है और सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। सपा का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा है यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रहा है। सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह लोग ही आप

### पाक को क्लीन चिट देने का कुत्सित प्रयास



- अखिलेश ने कहा था कि पहलगाम में मारा गया शुभम उनकी पार्टी का नहीं था
- सपा का एक नेता कहता है कि हिन्दू ने ही हिन्दू को मारा है

सबकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करते हैं। योगी ने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले बीमारी, गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था का माहौल था। उस दौरान त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मनाए जा सकते थे। उस समय नौजवान पलायन और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होता था। यहां पर मुसहर, वनटांगिया जैसी तमाम जातियां भूखमरी का शिकार थीं। वहीं उस दौरान जो सत्ता में थे, वह चैन की बंसी बजा रहे थे क्योंकि वह स्वयं के परिवार तक ही सीमित रह गये थे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बटन दबाकर देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण की चेक, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 7 करोड़ 87 लाख 50 हजार धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, ट्रैक्टर की चाबी, पट्टा योजना के तहत 37 लाभार्थियों को पट्टा, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन की चेक सौंपी। वहीं हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले इंसेफलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज देवरिया के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त और विकास की दिशा में तेज़ी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया है, जो कि इस क्षेत्र में पहली बार है। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही पथरदेवा में एक नया डिग्री कॉलेज शुरू किया जा रहा है, जिसमें वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगेंद्र उपाध्याय, दया शंकर सिंह, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक जय प्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमा पति राम त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

### अखिलेश के पास नहीं थी निर्णय लेने की क्षमता

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री रहते न तो काम करने की इच्छा शक्ति दिखाई और न निर्णय लेने में सख्ती बरती और इसीलिए जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल किया। आईपीएस से राजनेता बने अरुण ने पिछली अखिलेश सरकार में वंचित वर्गों पर हुए अत्याचारों को उजागर करते हुए योगी सरकार की विकास और युवा कल्याण योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की छोटी सोच और भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर किया। उन्होंने कहा कि 2012-2017 के बीच सपा सरकार में अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों पर अत्याचार हुए जो आज भी जनता के जेहन में हैं। अखिलेश ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कन्नौज में बाबा साहब के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया। इसके अलावा भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्वीकार करने से इनकार किया और उनकी माता महामाया के नाम पर बने जिले के नाम पर अपनी काली कलम चलाई। उन्होंने कहा कि आखिर इसके पीछे अखिलेश यादव की मंशा क्या थी, उन्हें जनता को बताना चाहिए और उन्हें इसके लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## 2029 में यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉक्टर की इकोनॉमीः सीएम

लखनऊ, वार्ता

- यूपी के पास एक्सप्रेस-वे व रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा।

योगी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ सालों में मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। आज उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। सर्वाधिक मेट्रो का संचालन उत्तर प्रदेश कर रहा है। रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में चल रही है और देश का पहला इनलैंड वॉटरवेज यूपी में है। भारत सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक स्कीम को उत्तर प्रदेश लीड करता है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है और नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार कर अपने सामर्थ्य को देशवासियों के सामने रख रहा है। उत्तर प्रदेश जो 2017 में सातवीं अर्थव्यवस्था था, आज देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था बन चुका है। 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनने के लिए उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाए हैं, उसको आगे बढ़ाते हुए हम मानकर चलते हैं कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है और देश का हृदय स्थल भी है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है, लेकिन जिन लोगों का एजेंडा विकास नहीं था, जिन लोगों ने उत्तर प्रदेश की इस आत्मा को पहचानने का कभी प्रयास नहीं किया, वह लोग उत्तर प्रदेश के बारे में अपने एजेंडे को जबरन उत्तर प्रदेश पर थोपते थे। इसके चलते उत्तर प्रदेश जो व्यापक संभावनाओं वाला प्रदेश था वह 2014 के पहले पहचान के संकट से गुजर रहा था। नौजवान पहचान के लिए मोहताज हो गया, अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो गया, यहां का श्रमिक भुखमरी का शिकार हो गया, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा में सेंध लग चुकी थी, पर्व और त्योहार दहशत के माहौल में मनाने को मजबूर होना पड़ता था। उत्तर प्रदेश की पहचान एक सामर्थ्यवान और असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में नहीं बल्कि एक बीमारू राज्य के रूप में होने लगी।

## बसपा की छवि धूमिल करने का कोई मौका नहीं छोड़ता विपक्षः मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल सर्व समाज में लोकप्रिय उनकी पार्टी की छवि को धूमिल करने की जुगत में हर समय तैयार रहते हैं।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- देश के दलित व अन्य उपेक्षितों के हितैषी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता की मंज़िल तक पहुंचाने के मिशन में तत्पर बीएसपी में कार्यरत लोगों के आने-जाने में कुछ भी निजी नहीं, बल्कि यह पार्टी व मूवमेन्ट के हित पर पूर्णतः निर्भर। साथ ही विरोधी पार्टियों के षड्यन्त्र के तहत पार्टी के कुछ लोग, उनके बहकावे में आकर जब अपनी खुद की पार्टी को कमज़ोर करने में लग जाते हैं, या फिर पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने व परिपक्वता के साथ कार्य ना करने के कारण तब उन्हें मजबूरी में, पार्टी हित में निकालना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही उनके समझ में आने व गलती का अहसास करने के बाद जब उन्हें पार्टी में वापस ले लिया जाता है, तो तब फिर कांग्रेस,



- पार्टी के कुछ लोग उनके बहकावे में आते हैं, तो मजबूरी में उन्हें पार्टी से निकालना पड़ता है

बीजेपी व अन्य विरोधी पार्टियां इसे आया राम व गया राम की संज्ञा देकर, पार्टी की छवि को धूमिल करने की पूरी-पूरी कोशिश करती हैं और जब यही कार्य विरोधी पार्टीयाँ करती हैं, तब उसे वे पार्टी हित का मामला कहकर टाल देती हैं, लेकिन बीएसपी के मामले में इसे ये किस्म-किस्म की संज्ञा देकर इस पार्टी की छवि को खराब करने की कोशिश करती हैं। यह सब इनका दोहरा मापदण्ड नहीं है, तो और क्या है। पार्टी के लोग सतर्क रहें।

## कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें शाहः महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बढ़ते तनाव के बीच केंद्र शासित प्रदेश के बाहर पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सुश्री महबू. बा ने कहा कि उन्हें देश भर के छात्रों से धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते। इसके अलावा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए। शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

## प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या

इटावा, वार्ता

- गोली मारकर मार डाला, पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार किया

उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के चौबिया इलाके में प्रेमिका से मिलने उसके घर गए युवक की प्रेमिका के पिता ने गोली मार कर हत्या कर दी। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को बताया है कि चौबिया क्षेत्र के ग्राम खेड़ा हेलू में अनिल यादव ने अपने घर में रिश्तेदारी में आए लवकुश पाल (21) की गोली मारकर हत्या कर दी। लव कुश अनिल यादव की दीवार से फर्स्ट फ्लोर पर चढ़ा था। चढ़ते समय ही अनिल यादव ने पीछे से लव कुश की कमर में गोली मार दी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि औरैया जिले के दिबियापुर इलाके के कमालपुर गांव निवासी लवकुश पाल अपने बहनोई राजेश पाल के यहां आता जाता रहता था। सोमवार शाम को भी आया हुआ था रात करीब पौने आठ बजे घर से निकला। गांव में ही अनिल कुमार यादव का भी घर है। रात करीब पौने 11 बजे अनिल के घर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद गांव वाले मौके पर पहुंचे, तो लवकुश का रक्तरंजित शव जमीन पर पड़ा था। अनिल अपने हाथ में अवैध हथियार पकड़े था। काफी समय से लव कुश की मेल मुलाकात अनिल यादव की बेटी से हो रही थी, जिसकी जानकारी अनिल के अलावा गांव के अन्य लोगों को भी थी। अनिल यादव ने जैसे ही लवकुश को अपने घर की दूसरी मंजिल पर देखा वैसे ही गोली मार दी, घटनास्थल पर ही लव कुश की मौत हो गई। हत्या की सूचना पर थाना प्रभारी विपिन मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और अनिल यादव को अपनी गिरफ्त में ले लिया। अनिल यादव के पास से अवैध हथियार बरामद किया गया है, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। हत्याकांड के बाद खेड़ा हेलू गांव में अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है, गांव का कोई भी व्यक्ति इस हत्याकांड पर कुछ भी खुलकर नहीं बोल पा रहा है।

### दबंगों ने मारी तीन सगे भाइयों को गोली, एक की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद दबंगों ने तीन सगे भाइयों को गोली दी जिनमें से एक की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज निवासी कमलेश का बीती रात शेरू से विवाद हो गया था। विवाद के बाद शेरू ने अपने साथियों रामनिवास, सुमित, रामकिशोर व एक अन्य को मौके पर बुला लिया और कमलेश की पिटाई शुरू कर दी, इसके बाद उन लोगों ने कमलेश को गोली मार दी।

## अर्थ व्यापार

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली से शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में आई जबरदस्त उछाल बाद में मुनाफावसूली की भेंट चढ़ गया लेकिन अंत में मामूली बढ़त पर टिकने में सफल रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24335.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,194.16 अंक और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत उठकर 48,238.69 अंक हो गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 3083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1806 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई 2933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1365 में लिवाली जबकि 1478 में बिकवाली हुई, वहीं 90 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में तेजी का रुख रहा, जबकि अन्य में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान सीडी 0.19, ऊर्जा 0.27, इंडस्ट्रियल्स 0.70, आईटी 1.13, कैपिटल गुड्स 0.94, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.60, टेक 0.76 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.22, जर्मनी का डैक्स 0.74, जापान का निक्केई 0.38 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 179 अंक की छलांग लगाकर 80,396.92 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,661.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से यह दोपहर से पहले 80,122.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### यूपी में 2030 तक सौर ऊर्जा से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा संयंत्रों के जरिये 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में सरकार ने हाल ही में स्मार्ट एनर्जी काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया एवं हिंदुजा समूह के साथ एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) भी साइन किया है। सरकार का मानना है कि इससे न सिर्फ परंपरागत तापीय और जल विद्युत संयंत्रों से मिलने वाली बिजली से निर्भरता कम होगी बल्कि सोलर पैनलों के निर्माण, इंस्टालेशन, रखरखाव, ग्रिड के एकीकरण और ट्रांसमिशन के क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 30 रिंगिट उतरकर 4010 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट लेकर 50.06 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार



में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहेः- दाल-दलहनः चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेलः सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## राम मंदिर में लगा 44 फिट ऊंचा ध्वज दंड

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में स्थित राम मंदिर में 500 साल बाद ध्वज दंड की स्थापना के मौके पर माहौल जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो गया। यह ध्वज दंड गुजरात में तैयार किया गया, जो 44 फिट है और वजन करीब 5 टन है। मंगलवार को वैशाख शुक्ल द्वितीया 29 अप्रैल 2025 को प्रभु श्रीराम के जन्मस्थल पर बने भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर पावन ध्वज दण्ड का प्रतिष्ठापन सुबह 6:30 बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच पूरा हुआ।

लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस अनुष्ठान के बाद सुबह 8 बजे जैसे ही ध्वज दण्ड प्रतिष्ठित हुआ, पूरी अयोध्या नगरी 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठी। यह ध्वज दंड सिर्फ एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह धर्म, संस्कृति और भक्ति का अद्वितीय चिन्ह है। यह ध्वज प्रभु श्रीराम के अद्भुत, मर्यादा और आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस ऐतिहासिक क्षण की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में मंदिर का गौरवमय स्वरूप और दिव्यता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चंपत राय ने बताया कि ध्वज दंड स्थापना का यह काम शास्त्रेक्त विधि और गुरुजनों के मार्गदर्शन में पूरा हुआ, जिससे मंदिर की आभा और भी निखर उठी है। इस खास अवसर पर मंदिर परिसर में मौजूद संतों, पुजारियों और राम भक्तों ने सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चार और प्रभु श्रीराम के भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम की ...** कल्पना से परे सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है। इससे पहले आज केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुख और दो अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हालांकि बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक जानक. ारी नहीं दी गई। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की थी। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल थे।

## सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना वक्त की जरूरतः राहुल

रायबरेली, वार्ता

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। सुबह जैसे ही वह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और पार्टी विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है।

एयरपोर्ट से राहुल गांधी सीधे रायबरेली के कुंदनगंज पहुंचे, जहां उन्होंने विशाखा इंडस्ट्री लिमिटेड परिसर में स्थापित दो मेगावाट के सोलर रूफटॉप प्लांट और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन 'एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट' का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और उद्योगिक इकाई के कर्मचारियों मौजूद रहे। राहुल गांधी ने इस मौके पर कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना वक्त की



- दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे राहुल

जरूरत है। इससे पर्यावरण को फायदा होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वो हरित ऊर्जा क्षेत्र में आगे आएं और देश को आत्मनिर्भर बनाएं। इसके बाद राहुल गांधी शहर के सिविल लाइन चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां भी भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बोस की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद राहुल गांधी बचत भवन पहुंचे, जहां वह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित दिशा समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जिले के विधायक, जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### वो चुप रहे, मुझे बोलना पड़ाः मंत्री

दिशा बैठक से निकलने के बाद योगी सरकार में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बैठक के बारे में जानकारी दी और राहुल गांधी के चुनाव के पहले चुरूवा स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने और बाद में दर्शन न करने के सवाल पर निशाना भी साधा। दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी को नकली गांधी और फसली हिन्दू बताते हुए कहा कि बैठक से पहले पहलगाम के शहीदों को उन्होंने श्रद्धांजलि देना भी उचित नहीं समझा उन्होंने दावा किया कि बैठक के अध्यक्ष के नाते श्रद्धांजलि का प्रस्ताव उन्हें लाना चाहिए था, लेकिन वो चुप रहे। जिसके बाद मुझे बोलना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंसलांगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रक के नीचे आने से स्कूटी सवार की मौत

## तेज रफ्तार से आ रहा था ट्रक, राहगीरों ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के फतेहुल्लापुर चौकी के पास एक ट्रक के नीचे आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पब्लिक ने ट्रक ड्राइवर को दबोच कर पीटा।

सोमवार को सुबह फतेह उल्लहपुर रोड पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक के नीचे आने से एक स्कूटी सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई मृतक की पहचान सैफुद्दीन पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी जाकिर कालोनी के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र सादिक ने बताया कि आज सुबह सैफुद्दीन फतेह उल्लाहपुर से अपने घर वापस आ रहे। इसी दौरान ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से यह हादसा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक ड्राइवर नाजिम पुत्र यासीन निवासी शामली सहित तीन लोगों को ट्रक सहित हिरासत में लिया है।



## जिला कारागार पहुंचे अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, डीएम डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पष्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती नारी निकेतन का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं डीएम ने बैरक, महिला वार्ड, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण किया व जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। महिला बैरक में उन्होंने महिला कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायाधीश एवं डीएम ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बच्चो के लिए योगा की क्लास आयोजित की जाये। सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व डीएम ने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढ़ाई, दवाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को शौचालय की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। जिला न्यायाधीश व डीएम ने राजकीय पष्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती नारी निकेतन में बच्चो को दी जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढ़ाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह तथा नारी निकेतन का स्टाफ मौजूद रहे।

# जानी पुलिस ने 24 घंटे में किया हत्या का खुलासा

**विकास की हत्या का बदला लेने के लिए एक लाख में रची थी किशोरी लाल के मर्डर की कहानी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार कि सुबह अंबेडकर भवन में किशोरी लाल की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जानी थाने के नए थाना अध्यक्ष महेश सिंह राठौड़ ने इस मर्डर को चुनौती के रूप में लिया और इस हत्याकांड का 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि लगभग 7 महीने पहले विकास नाम के युवक की नहर में डूब कर मृत्यु हो गई थी लेकिन वह मृत्यु नहीं मर्डर था इस मर्डर केस में किशोरी लाल का हाथ था और विकास की हत्या का बदला लेने के लिए ही किशोरी लाल की हत्या की पटकथा तैयार की गई थी, और किशोरी लाल को मारने के लिए एक लाख की सुपारी मुजफ्फरनगर के बदमाश गुलशन पुत्र अंकुर को दी थी, एक लाख लेकर ही किशोरी लाल की हत्या की गई हत्या के तुरंत बाद पुलिस ने कल ही गुलशन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन जब पुलिस ने इस मामले की पूछताछ की तो पता चला की किशोरी लाल की हत्या सात महीने पहले विकास की हत्या का बदला लेने के लिए की गई है। किशोरी लाल जेल में बंद था वह 15 दिन पहले ही जेल से छुटकर आया था।

उसके जेल से छुटते ही उसकी हत्या की पटकथा लिख दी गई थी। पुलिस ने किशोरी लाल की हत्या के आरोप में राजू और गुलशन को सोमवार को ही जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी व सिवाल चौकी इंचार्ज नरेश कुमार उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने ही गुलशन को पकड़ा था। थाना प्रभारी ने आपको बता दें कि थाना प्रभारी ने बड़ी मस्तानी के साथ इस केस पर काम किया और 24 घंटे में ही सफलता हासिल कर यह बता दिया कि वह क्षेत्र में होने वाले किसी भी क्राइम को हल्के में नहीं लेंगे और जल्द से जल्द इसका खुलासा करेंगे, उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी अपराधी को भक्षण नहीं जाएगा अपराध छोटा हो या बड़ा अपराधी के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करना है। महेश सिंह राठौड़ ने 24 घंटे में ही हत्या का खुलासा करके अपनी काबलियत का एहसास भी क्षेत्र की जनता और अधिकारियों को कर दिया है।

# मुस्लिम शादी के खाने पर एतराज जता पैसे लेने पहुंचा सिपाही, शिकायत के बाद हुआ ट्रांस्फर

## दो कुंतल भैंस का मीट बरामद, दुल्हन पक्ष पर पशु क्रुरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर में उगाही बस सिपाहियों का बोलबा. ला बना हुआ है अपने थाना क्षेत्र में सिपाही जहां चाहते हैं जिसे चाहते हैं उगाही कर लेते हैं ऐसा एक मामला लोहिया नगर थाना क्षेत्र का देखने को मिला है जहां पर सिपाही शादी में बने खाने को लेकर विवाद खड़ा कर रहा था सिपाही ने शादी में बने नॉनवेज खाने को लेकर आपत्ति जताई और शादी वाले घर से पैसे की डिमांड कर दी जिस पर दुल्हन पक्ष के लोगों ने एतराज जताया और उसकी शिकायत चौकी प्रभारी से की मौके पर चौकी प्रभारी भी पहुंचे उन्होंने सारा मामला लोहिया नगर इंस्पेक्टर को बताया इसके बाद सिपाही के खिलाफ जीडी में तस्करा डालकर सिपाही को जाकिर कालोनी से हटाकर फफूंडा चौकी पर भेज दिया। मांस बरामदगी की जानकारी अफसरों को दी गई, जिस पर पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया।

### बिना अनुमति काटी गई थी भैंस

लोहियानगर के जाकिर कालोनी निवासी नईमुद्दीन की बेटी के निकाह का समारोह था। बरातियों के लिए नईमुद्दीन ने दो भैंसों का कटान कराया था। बिना अनुमति के कटान करने की सूचना पर चौकी से सिपाही धर्मेंद्र अत्री अपने साथ एक नए सिपाही को लेकर नईमुद्दीन के घर पर पहुंच गया, बताया जाता है कि सिपाही ने नईमुद्दीन पर गोवंशी

- **अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने पर आरोपी सिपाही पर की गई कार्रवाई**
- **लोहियानगर थाने का है मामला, सिपाही को फफूंडा चौकी भेजा**

कटान का आरोप लगाया। उसके बाद बरात में मौजूद लोगों ने सिपाही को घेरकर हंगामा कर दिया। हंगामे की जानक. ारी पर चौकी प्रभारी विनीत दीक्षित मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे घटनाक्रम से इंस्पेक्टर नेत्रपाल को अवगत कराया।

### सिपाही को भेजा गया फफूंडा चौकी

इंस्पेक्टर ने तत्काल ही सिपाही के खिलाफ जीडी में तस्करा डालकर उसका हल्का बदल दिया। जाकिर कालोनी से हटाकर फफूंडा चौकी पर भेज दिया। मौके से पुलिस ने दो कुंतल भैंस का मीट बरामद किया। साथ ही अफसरों को मामले से अवगत कराया गया। अफसरों के आदेश पर नईमुद्दीन और समीर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया। एसपी सिटी आयुष विक्रम ने बताया कि सिपाही के सौदेबाजी करने वाली घटना की जानकारी इंस्पेक्टर ने नहीं दी, सिर्फ मीट बरामदगी के बारे में अवगत कराया। उसी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए है। साथ ही मीट को बरामद करने के बाद जमीन में दबा दिया गया है।

## सनातन प्रेमी सेवा समिति आज मनाएगा परशुराम जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** सनातन प्रेमी सेवा समिति बक्सर मेरठ के तत्वाधान में आज बुधवार को भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाया जाएगा। समिति के संयोजक विनोद गॉड ने बताया कि श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार की सुबह यज्ञ किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासियों के द्वारा आहुति दी जाएगी। इसके पश्चात क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले गणमान्य मान्य व्यक्तियों को समिति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा तथा दोपहर में विशाल भंडारे का भी आयोजन समिति की तरफ से किया जाएगा। समिति के मुख्य संयोजक राजीव शर्मा ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष श्री परशुराम जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाती आ रही है और इस वर्ष भी बुधवार को श्री परशुराम जन्मोत्सव को मनाया जा रहा है। जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी से समय से पहुंचे का आग्रह किया है।

# अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का शोभित विवि में स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ को अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग की दिशा में एक ओर नई उपलब्धि की ओर कदम उठाया है, जब अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल विश्व. विद्यालय के परिसर में पधारा। इस प्रतिनिधिमंडल में सुश्री एडिथ गौटियर, निदेशक अंतरराष्ट्रीय प्रवेश, एवं आशीष राय, वरिष्ठ प्रबंधक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय साझेदारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर दोनों संस्थानों के मध्य भावी अकादमिक साझेदारी को लेकर सार्थक और विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। चर्चा का केंद्र बिंदु संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की संभावनाओं, आधुनिक और वैश्विक मांग के अनुरूप शैक्षणिक पाठयक्रमों के सह-विकास, तथा व्यवसाय प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान जैसे क्षेत्रों में क्षमतावर्धन के संयुक्त प्रयासों पर रहा। इसके अतिरिक्त, छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रमों, वैश्विक इंटर्नशिप्स और को-क्रिएटिव शिक्षण पद्धतियों पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने विवि की अधोसं. रचना, अकादमिक नवाचारों और वैश्विक दृष्टिकोण की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी ने कहा शोभित विश्वविद्यालय का सदैव प्रयास रहा है कि हम अपने छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा, शोध और नवाचार के अवसर प्रदान करें। सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी के साथ प्रस्तावित साझेदारी इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सहयोग न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि छात्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने हेतु आवश्यक कौशल और दृष्टिकोण भी प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में विश्वविद्यालय की ओर से डीन अकादमिक प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, कंप्यूटर साइंस विभाग की निदेशक डॉ. निधि त्यागी, डॉ. नेहा यजुर्वेदी, एवं अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे। शोभित विश्वविद्यालय के इस प्रयास से न केवल अकादमिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बल मिलेगा, बल्कि यह साझेदारी शोध, नवाचार एवं उद्यमिता को भी एक नई दिशा देगी।

## शोभित के कैडेट्स को मिला सी सर्टिफिकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के लिए गौरव और उत्सव का विशेष अवसर रहा जब 70 यूपी बटालियन एनसीसी मुख्यालय, मेरठ में आयोजित सी सर्टिफिकेट वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया। इस गरिमामय समारोह में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज मैग्गो ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सफल कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट प्रदान किए। कर्नल मैग्गो की उपस्थिति और उनके प्रेरणादायी उद्बोधन ने कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा का संचार किया और सभी उपस्थितजनों के लिए यह क्षण अविस्मरणीय बन गया। यह अवसर उन सभी कैडेट्स के कठिन परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा, जिन्होंने एनसीसी की गरिमामयी परंपराओं को आत्मसात करते हुए अपने अद्भुत प्रदर्शन से गौरव प्राप्त किया है। कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने सभी सफल कैडेट्स को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हमारे युवा कैडेट्स का यह प्रदर्शन न केवल विश्वविद्यालय के लिए बल्कि राष्ट्र के भविष्य के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## नंगला हरेरू के फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में सर्वोच्च अंक लाने वाले छात्रों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मवाना रोड पर ग्राम नंगला हरेरू स्थित फैज ए आम इंटर कॉलेज में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रबन्धक एहतेशाम रिजवी ने की। इस अवसर पर ग्राम नगला हरेरू के प्रधान नसीम मलिक उपस्थित रहे। कॉलेज के प्रधानाचार्य अहतेशाम रिजवी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आपकी निरंतर मेहनत व लगन का प्रतिफल है आप जीवन में लक्ष्य बनाकर मेहनत करेंगे और निरंतरता बनाए रखेंगे तो आप अवश्य सफल होंगे। आप सभी उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो ईश्वर से यही कामना है। मेधावी छात्रों को शील्ड देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुबे सिंह, अनिरुद्ध धामा, मोहम्मद आरिफ, परविंद कुमार, अब्दुल कादिर, अमन राव, लखन तोमर, रिजा रिजवी, सोनू कुमार, रूबी रिजवी उपस्थित रहे।

## नानू पुल के निकट दो कार भिड़ी, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मेरठ करनाल हाईवे नानू गंगनहर पुल चौराहे पर सोमवार रात दो कार आपस में भीड़ गई। इस घटना में बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए। जिनका स्थानीय चिकित्सक से उपचार कराया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सोमवार देर रात दिल्ली निवासी निसार अपनी बहन रिजवाना और चार वर्ष की भतीजी जारा के साथ कार में सवार होकर बिजनौर जा रहा था। वहीं, दूसरी ओर शामली की तरफ से कंकरखेड़ा निवासी विकास मलिक अपने परिवार के साथ वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों की गाड़ियां नानू चौराहे पर पहुंची तो उनमें जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में रिजवान, जारा और विकास घायल हो गए। कार के अंदर मौजूद निसार, रिजवाना व जारा की चीख पुकार सुनकर लोग दौड़ पड़े। उन्होंने तीनों को कार से बाहर निकाला। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। आरोप है कि करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों कार बीच सड़क पर खड़ी हुई थी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परशुराम धाम पुरा महाद. व भगवान परशुराम की तपोभूमि पर स्थित परशुराम मंदिर पर महामंडलेश्वर श्री सूरज मुनि जी महाराज एवं श्री देव मुनि जी महाराज और श्री कैलाश मुनि जी महाराज के पावन सानिध्य में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य संयोजक भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी रहें और जिसमें कल्याणपुर से परशुराम शोभा यात्रा निकाली गई यात्रा का समापन परशुराम खेड़ा पर किया गया। जिसका नेतृत्व अंकित शर्मा व ललित शर्मा ने किया। यात्रा में विपिन शर्मा, मोटी शर्मा, राहुल, मनीष, अमित, विशाल शर्मा, अभिषेक, संदीप, रजनीश आदि शामिल रहे। धाम पर कथा व्यास पुष्कर महाराज, पंडित व शिवमोहन शर्मा ने सुन्दर कांड का पाठ किया। कार्यक्रम में पंडित आदेश फौजी ने विचार रखते हुए कहा भगवान परशुराम धरती पर धर्म की स्थापना करने अन्याय का विनाश हेतु परशु धारण कर जन्मे ब्रह्म तेज के अमर अवतार, पराक्रम के प्रतीक, तप और त्याग के आदर्श भगवान विष्णु के छठवें अवतार के रूप में प्रकट हुए भगवान परशुराम धाम, परशुराम खेड़ा पुरा महादेव परशुराम जी की तपोभूमि रही है। भगवान परशुराम का यह मंदिर विश्व विख्यात है जहां ध्यान मुद्रा में भगवान परशुराम की विश्व की पहली मूर्ति स्थापित है अक्षय तृतीया के दिन परशुराम जन्मोत्सव देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। धाम पर परशुराम जन्मोत्सव के दिन सबसे पहले परशुराम का जलाभिषेक किया जाता है। उसके उपरांत हवन यज्ञ और आरती की जाती है पुरा महादेव पर भगवान परशुराम द्वारा शिवलिंग स्थापित किया गया था जिसे विश्व भर के शिवभक्त कांवरिया परशु रामेशवर मंदिर के नाम से पहचानते हैं। परशुराम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विजय शर्मा, प्रदीप त्यागी, उमेश त्यागी, राजपाल शर्मा, नीटू चौधरी, डाक्टर एसपी यादव, देशपाल चौधरी, शिवकुमार शर्मा, धर्मवीर शर्मा, हरि शर्मा, गोपाल शर्मा, पवन शर्मा, प्रदीप शर्मा, लक्की सैनी, अमरपाल जाटव, सुमित वाल्मीकि, तीशा गोस्वामी, राकेश भारद्वाज, दीपक गुप्ता, रवि बटजेवरा, योगेश गोस्वामी मौजूद रहे। सभी भक्तों ने भगवान परशुराम से सभी के जीवन में सदैव विजय, सम्मान और सुख-समृद्धि का वास हो, ऐसी कामना की।

## बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को नगर पालिका सभागार में पीसीआई इंडिया द्वारा जीरो डोज इंप्लीमेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य टीकाकरण में पुरुषों की भागीदारी को बढ़ाना, टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों एवं माता-पिता को टीकाकरण के प्रति सटीक जानकारी देना और समुदाय में टीकाकरण के प्रति भ्रांतियों से दूर कराना था। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रवीण गौतम ने की। इस मौके पर डॉ. अतुल कुमार, डॉ. संदीप गौतम एवं शाहवेज अंसारी ने विचार रखे। सीएसओ समन्वयक प्रवीण कौशिक ने टीकाकरण के महत्व के विषय में जानकारी दी और टीकाकरण से होने वाले लाभों के बारे में भी बताया। सभी को वैक्सीन के महत्व को समझाया गया, साथ ही बच्चों के शरीर में वैक्सीन कैसे कार्य करती है इसकी जानकारी दी। टीकाकरण की समय सारणी के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। डॉ. संदीप गौतम के द्वारा टीकाकरण से वंचित बच्चों में होने वाले बीमारियों के विषय में जानकारी दी गई और प्रतिवर्ष होने वाले बच्चों की मृत्यु के बारे में बताया। इसके अलावा सभी को आयुष्मान कार्ड के विषय में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में मोहम्मद आबिद सलमानी, शबाना खातून, रेनू सिंह, शमशाद सलमानी, अफजाल सलमानी आदि मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज में मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में स्थित श्रीस्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड प्रयागराज से घोषित हुआ। परिणाम के बाद कॉलेज में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर पुरस्कृत किया और उनको आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



स्कूल प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड प्रयागराज से कक्षा 12 और कक्षा 10 मैं सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मोहम्मदपुर शकिस्त ग्राम प्रधान सुरेंद्रपाल सिंह, ग्राम प्रधान मोडखुर्द इंतेजार देशवाल तथा सदरपुर ग्राम प्रधान सुशील कुमार उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों को ट्रॉफी व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। जिसमें कक्षा 12 में गौरव शर्मा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और सृष्टि जैनर ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिया खंगवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में हिमांशी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, खुशी 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, कृष कुमार ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार, प्रधानाचार्या रीना ने सभी छात्र छात्राओं को अच्छे अंक लाने पर पुरस्कृत किया गया और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी और कहा कि जिस तरह से स्कूल में अनुशासन में रहते हुए कार्य किया है। आगे चलकर ऐसे ही कार्य करने से पीछे नहीं हटेंगे उन्होंने मेधावी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सह अध्यापक मंजू, पूजा शर्मा, सुनीता, विचित्र कुमार, अभिषेक कुमार, राम गोपाल, मोहम्मद राशिद, अरविंद कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बेल बुग्गी से टकराई कार बैल सहित मजदूर की मौत

**चालक को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव में मैनापूठी में कार की टक्कर लगने से मजदूर और उसके बैल की मौत हो गई। वहीं मजदूर का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मेरठ से सरधना के सरूरपुर थाना क्षेत्र के गांव में मैनापूठी में कार की टक्कर लगने से मजदूर बैल की मौत, युवक घायल हो गया।

वहीं, ग्रामीणों ने आरोपी कार चालकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांव मैनापूठी निवासी मुकेश (56) पुत्र मंगे सरूरपुर खुर्द में स्थित ईट भट्टे पर भराई का काम करता था। मंगलवार की सुबह वह अपने बेटे के साथ बैल-बुग्गी लेकर भट्टे पर ईंट के लिए जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर सरधना बिनौली रोड पर पहुंचा तो पीछे से हरियाणा नंबर की तेज रफ्तार कार ने उनकी बुग्गी में टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी भयंकर थी कि टक्कर लगने से मुकेश, उसका बेटा निक्की व बैल उछल कर रोड पर दूर जाकर गिरा, जिसमें मुकेश व उसके बैल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके बेटा निक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। भागने का प्रयास कर रहे कार सवारों को भीड़ ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल निक्की को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सीओ सरधना संजय कुमार जायसवाल का कहना है कि मामले की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक अमित-गुलाम ने अधिकारियों के साथ की मार्ग एवं सेतु की कार्ययोजना बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में विधायक कैंट अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की मार्ग एवं सेतु की कार्ययोजना अनुमोदन हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में औद्योगिक लाजिस्टिक पार्क हेतु मार्गों के चौड़ीकरण सुदढीकरण निर्माण कार्य, शहर में बाईपास रिंग रोड फ्लाईओवर, धमार्थ मार्गो के चौड़ीकरण विकास हेतु निर्माण कार्य, लघु सेतु निर्माण, रेल उपरिगामी सेतु, दीर्घ सेतु, ब्लैक स्पॉट रोड सेफ्टी, केन्द्रीय मार्ग एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत मार्गों का चौड़ीकरण सुढढीकरण, चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओ हेतु मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुख्रकरण नवनिर्माण पुन: निर्माण का कार्य सहित कुल 16 बिन्दुओ पर प्रस्ताव रखते हुये विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर के विकास हेतु अपने सुझाव भी दिये गये।



विधायक ने बताया कि गांवो से शहरो की ओर आने-जाने का सिलसिला तेजी से बढ़ रहा है इसलिए सभी सड़को का चौड़ीकरण, टाईल्स लगाना, डिवाईडर बनाना, पुलिया बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़को के चौड़ीकरण, कराये जाने का प्रस्ताव रखे गये है। डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने संबंधित अधिकारी को शहर की आवश्यकताओ को दृष्टिगत रखते हुये सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी अश्वनी त्यागी, सीडीओ नूपुर गोयल, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता के भतीजे की सड़क हादसे में मौत

## सैनी-बहचौला गांव के पास कार ने बाइक में मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र गांव नैडू निवासी भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय मंत्री पप्पू उर्फ ठाकुर बिजेंदर के भतीजे डॉक्टर राजीव राघव की मंगलवार को शाम चार बजे सड़क हादसे में मौत हो गई।

भाजपा नेता बिजेंद्र ठाकुर ने बताया कि 48 वर्षीय डॉ. राजीव राघव पुत्र मास्टर विष्णु राघव मेरठ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रैक्टिस करते हैं। मंगलवार को वह अपनी बाइक द्वारा अपने गांव आ रहे थे। जैसे ही वह सैनी-बहचौला गांव के निकट पहुंचे पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे डॉक्टर राजीव राघव गंभीर रूप से घायल हो गए। चलते राहगीरों ने बताया कि कार चालक नशे की हालत में तेजी से कार को चला रहे थे। उसकी कार को पकड़ लिया गया है पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ी कर दी है। घायल राजीव को मेरठ के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया वहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने राजीव राघव को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों की ओर से कार चालक के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया मृतक के शव को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मृतक केशव का पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के परिवार में पत्नी पूनम देवी के अलावा बड़ी पुत्री नेहा, छोटी पुत्री अंजली व सबसे छोटा पुत्र विजित रह गए हैं। सड़क हादसे में डॉ. राजीव राघव की मौत होने की जानकारी पर उनके आवास पर गांव एवं क्षेत्र के लोगों की भीड़ लग गई।

# नि:शुल्क मेडिकल चेकअप कैम्प में 37 मरीजों ने कराई जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मंगलवार को एक नि:शुल्क मेडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन डॉक्टर अभिषेक तायल, जनरल फिजिशियन हृदय, छाती व पेट रोग विशेषज्ञ द्वारा भगत सिंह चैक पर किया गया, जिसमें 37 मरीजों के शुगर, कोलोस्ट्रोल, बीपी, मस्तिष्क, मानसिक तनाव, अनिद्रा, सर्दी खाँसी, अस्थमा, मलेरिया, टायफाइड, वायरल बुखार, पीलिया, पेट, सांस एवं मूत्र संबंधित जैसी समस्याओं और बीमारियों का उपचार बहुत ही अच्छे तरीके के साथ किया गया। सभी मरीजों को पर्याप्त समय दिया गया व उनकी सभी समस्याओं का निदान किया। कैम्प के सभी मरीज डॉक्टर अभिषेक तायल के चिकित्सकीय अनुभव का लाभ उठाकर बहुत संतुष्ट हुए। नगर व आसपास के गांवों से काफी मरीज चेकअप कराने जिसमें बुखार के पीड़ित मरीज ज्यादा आये। इस मेडिकल चेकअप कैम्प में डाक्टर इरशाद, आमिर, अय्यूब व समद आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मेरठ खेल महोत्सव के लिए डिप्टी सीएम से मिले नमन भारद्वाज

- केशव प्रसाद मौर्य को दिया निमंत्रण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में आयोजित होने वाले मेरठ खेल महोत्सव को बड़े आयोजन पर करने की तैयारी है जिसको लेकर मंगलवार को नमन भारद्वाज उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिले और उन्हें मेरठ में आयोजित होने वाले खेल महोत्सव के लिए निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ने महोत्सव के लिए अपनी शुभकामनाएं आयोजन समिति के सचिव नमन भारद्वाज व समस्त सदस्यों को दी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को नमन भारद्वाज ने बताया कि स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन खेल खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु लगातार कई वर्षो से कार्य कर रही है, जो विभिन्न प्रदेशों में भी खेल खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु समय-समय पर कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करती रहती है। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले चेतन चौहान राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्रतिवर्ष दिल्ली में आयोजित कराया जाता है जिसमें विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है। इस कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री ने संस्था के संस्थापक को बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के सचिव अनिल विधूड़ी उपस्थित रहे।

# संस्कृति में उभरती हुई शैक्षिक प्रौद्योगिकियों पर हुई विशेष वार्ता




**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय के स्कूल आफ एजूकेशन द्वारा उभरती हुई शैक्षिक प्रौद्योगिकियों पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में जामिया मिलिया इस्लामिया के शिक्षा संकाय के डीन और जेएमआई, नई दिल्ली के दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के पूर्व निदेशक प्रो. अहरार हुसैन ने भाग लिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में आधुनिक शिक्षा को नया रूप देने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी। प्रो. हुसैन ने शिक्षण और सीखने में पहनने योग्य और गैर-पहनने योग्य प्रौद्योगिकियों पर एक उपयोगी व्याख्यान दिया। उन्होंने स्मार्ट डिवाइस, एआई-संचालित प्लेटफॉर्म और इमर्सिव वर्चुअल टूल जैसे नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की, कक्षाओं और दूरस्थ शिक्षा वातावरण में उनकी बढ़ती प्रासंगिकता पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे ये प्रौद्योगिकियां निकट भविष्य में शैक्षिक पहुँच, जुड़ाव और वितरण को फिर से परिभाषित करेंगी।

इस कार्यक्रम में सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने भाग लिया, जिन्होंने आगे की सोच वाली शैक्षणिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस पहल की सराहना की। उन्होंने छात्रों को तकनीक से प्रेरित दुनिया के लिए तैयार होने के दौरान सूचित और अभिनव बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र की शुरुआत डॉ. पूनम गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने कार्यक्रम की समन्वयक के रूप में भी काम किया। मुख्य अतिथि प्रो. अहरार हुसैन को डीन डॉ. रैनू गुप्ता द्वारा पटका और एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। प्रो. डॉ. सरस्वती घोष ने अतिथि वक्ता का परिचय कराया और डॉ. निशा चंदेल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डीन डॉ. रैनू गुप्ता ने भी छात्रों के साथ अपने आशीर्वाद और प्रेरक शब्द साझा किए। कार्यक्रम का समापन शानदार तरीके से हुआ, जिससे छात्रों और शिक्षकों को शिक्षा में प्रौद्योगिकी को सार्थक और नैतिक रूप से एकीकृत करने के नए दृष्टिकोणों से समृद्ध किया गया।

# कुंवर सिंह की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसियों ने की प्रेस वार्ता



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के इशारों पर दलितों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, बलात्कार, मारपीट और सामाजिक बहिष्कार की घटनाएँ चरम पर हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि उन्हें मथुरा स्थित उनके आवास से बिना किसी वैधानिक आधार या नोटिस के अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया। उनका एकमात्र ''अपराध'' यह है कि उन्होंने भाजपा और आरएसएस के लोगों द्वारा लगातार दलित पिछड़े अल्पसंख्यक वर्ग के उत्पीड़न और दमन के मुद्दे पर विभिन्न माध्यमों से लगातार आवाज उठाई है इसी क्रम में अलीगढ़ में 25 अप्रैल को भाजपा समर्थकों द्वारा तीन दलित युवकों के साथ हुए अमानवीय अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। यह कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है और भाजपा सरकार की दलित-पिछड़ा विरोधी मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है। श्री निषाद ने कहा कि जब भाजपा आरएसएस के लोग लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं पिछड़े दलित का उत्पीड़न कर रहे हैं अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रतिबंध लगा रहे हैं विपक्ष की आवाज को पुलिस के दम पर दबाने का प्रयास कर रहे हैं तब चुप रहना हमारे लिए किसी अपराध से कम नहीं है। कांग्रेस पार्टी मथुरा जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुलिस के दम पर जनता की आवाज उठाने वाले लोगों का दमन कर रही है कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का शोषण किया जा रहा है उनके ऊपर अवैध मुकदमे लड़े जा रहे हैं आगे उन्होंने कहा कि वह अपनी जान की कुर्बानी लगा देंगे लेकिन कार्यकर्ताओं पर आंच नहीं आने देंगे भाजपा की तानाशाही समाप्त हो जायेगी। विक्रम बाल्मीकि पूर्व अध्यक्ष महानगर कांग्रेस ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलित-पिछड़े वर्गों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की जाँच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज शामिल हों।

### कांग्रेस पार्टी का संकल्प

कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और संवैधानिक समानता की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर संघर्षरत है। हम दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए पूरी मजबूती से खड़े हैं। भाजपा सरकार की तानाशाही, दमनकारी और अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ हम सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाते रहेंगे। उत्तर प्रदेश में दलित-पिछड़े वर्गों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को बेनकाब करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

# प्रेमी ने गला दबाकर कर दी प्रेमिका की हत्या, कुए में फेंक दिया शव

**मथुरा।** थाना बरसाना पुलिस ने गुमशुदा महिला की हत्या कर शव को कुआं में फेंकने से सम्बन्धित अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को करीब 10.05 बजे कामा बार्डर थाना बरसाना से अभियुक्त विनोद पुत्र विक्रम निवासी सिहाना थाना छाता को गिरफ्तार किया किया। 24 अप्रैल को वीरेन्द्र निवासी ग्राम अधुआ थाना मांट की पुत्री अपने ससुराल ग्राम ब्रिजवारी थाना बरसाना जनपद मथुरा से बिना बताये कहीं चली गयी थी। जिसके सम्बन्ध में वीरेन्द्र की तहरीर के आधार पर थाना बरसाना पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी। जिसकी जांच चौकी प्रभारी नन्दगांव एसआई राहुल सिंह को दी गई थी। साथ ही गुमशुदा की तलाश उसके परिवारीजन द्वारा भी की जा रही थी। 27 अप्रैल को वीरेन्द्र को सूचना मिली कि थाना जैत क्षेत्र के अन्तर्गत विजय पुत्र अमरचन्द निवासी चौमुहा थाना जैत जनपद मथुरा के खेत में बने कुआं से एक महिला का शव बरामद हुआ है, शव की पहचान वीरेन्द्र व परिवारीजनों ने की थी। गुमशुदा की तलाश के दौरान गुमशुदा की सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से ज्ञात हुआ था कि गुमशुदा विनोद पुत्र विक्रम निवासी सियाना थाना छाता जनपद मथुरा के साथ घर से गयी थी। गुमशुदा व विनोद का आपस में प्रेम प्रसंग था जिससे गुमशुदा करीब तीन माह की गर्भवती थी। गुमशुदा, अभियुक्त विनोद के साथ रहना चाहती थी, किन्तु विनोद पूर्व से शादी शुदा होने के कारण गुमशुदा को अपने साथ नहीं रखना चाहता था। विनोद द्वारा 24 अप्रैल को गुमशुदा को अपने साथ ले जाकर चौमुहा में विजय के खेत पर गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया था। हत्यारोपी को पुलिस ने कामा बार्डर थाना बरसाना से दबोच लिया।

# अखिल भारतीय जाट महासभा का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न




**eFkjkA** अखिल भारतीय जाट महासभा का प्रांतीय अधिवेशन स्थानीय होटल सौन्ख् रोड पर चौधरी सरदार सिंह पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चौधरी सरदार सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जाटों को आरक्षण बिना जन हानि के राम प्रकाश गुप्ता सरकार में मैने दिलाया था तथा आज भी मैं आश्वस्त करता हूँ कि मथुरा जनपद केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण की लडाई में किसी जनपद से पीछे नहीं रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी ने प्रस्ताव पेश किये, जिसे ध्वनिमति से पास किया गया प्रताप चौधरी ने केंद्र में उत्तर प्रदेश के जाट समुदाय को केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण दिलाने के लिए हमें अखिल भारतीय जाट महासभा को गांव स्तर तक ले जाना होगा क्योंकि कोई भी सरकार किसी आंदोलन को जब तक जन आंदोलन नहीं बन जाता सरकार सुनवाई नहीं करती हैं।

धर्मवीर खोखर ने सामाजिक बुराई त्यागने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युध्दवीर सिंह मुख्यअतिथि ने जाट संगठन के इतिहास के साथ संगठन के विस्तार पर बल दिया तथा उन्होंने जाटों को जाट रहने की नसीहत देते हुए कहा कि हमें धर्म के नाम पर अपने युवाओं को बंटने से रोकना होगा उन्होंने बताया कि पहले हम राम राम सा कहते थे उसमें अपनापन दिखता था आज उसका भी राजनीति करण कर दिया है जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी ने जाट आरक्षण को केंद्रीय सेवाओं में लागू करने के लिए संघर्ष करने को तैयार रहने को कहा तथा अपने नेत्रत्व को आश्वस्त किया कि अपने संगठन का गांव स्तर तक विस्तार किया जायेगा।

# शास्त्र एवं शस्त्र दोनों के प्रणेता थे भगवान परशुराम




**dklhdykA** अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम की जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर सादगी से मनाई गई। सभागार में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्जवलित किया गया। मंगलवार को कृष्णा धाम कालानी स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भगवान विष्णु के छठे अवतार श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। वैदिक मंत्रों के साथ हवन यज्ञ कर,चित्र पर फूल माला के साथ धूप, दीप, नैवेद्य अर्पित कर पूजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं रामदेव भारद्वाज ने बताया कि भगवान परशुराम ने मूलतः सामंतवादी एवम् आतंकवादी प्रवत्ति के निर्मूलन के लिए ज्ञान रूपी फरसा एवं धर्म कर्म रूपी धनुष बान धारण किया था।अक्षय तृतीय के दिन भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ था। भगवान श्री नारायण ने अपने छठे अवतार में पृथ्वी लोक में ऋषि जगदंमिनी के घर में परशुराम के रूप में अवतार लिया था।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मेरठ।
पता:-विकास भवन कचहरी मेरठ।

पत्रांक 164 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा / पत्रा0सं0-335 / 2025-26 दिनांक 19.04.2025

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना-05 (तृतीय कॉल)

महा महिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड मेरठ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) GSTरहित | बिडसिकुरिटि (इ0 एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 मे) | कार्यपूर्णकरने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मेरठ | ला0गो0 / सि0खा0 वि0ख0 / जानी | ग्राम रावा वि०ख० जानीखुर्द में मौहम्मदपुर धूमी वाले रास्ते पर यासीन के मकान से कब्रिस्तान की ओर सी०सी० रोड निर्माण कार्य | 14.65 | 30000.00 | 944.00 | 03माह |
| 2 | मेरठ | ला0पो0 / सि0खा0 वि0ख0 / रोहटा | ग्राम आलमगीरपुर वि०ख० रोहटा में अब्दुल के मकान से भूरे प्रधान के मकान की ओर सी०सी० निर्माण कार्य | 16.27 | 33000.00 | 944.00 | 03माह |
| 3 | मेरठ | ला0पो0 / सि0खा0 वि0ख0 / रोहटा | ग्राम अन्जोली वि०ख० जानीखुर्द में लोकेश के मकान से सुदामा के मकान की ओर सी०सी० रोड निर्माण कार्य | 14.26 | 29000.00 | 944.00 | 03माह |
| 4 | मेरठ | ला0गो0 / सि0खा0 वि0ख0 / सरूरपुर | ग्राम नानू वि० ख० सरूरपुरखुर्द में गुफरान पुत्र तरीकत के मकान से मेन रास्ते की ओर सी० सी० सडक निर्माण कार्य | 16.70 | 34000.00 | 944.00 | 03माह |
| 5 | मेरठ | ला0पो0 / सि0खा0 वि0ख0 / सरूरपुर | ग्राम पचौली में गांव से फतेहपुर वाले रास्ते पर सी० सी० सडक निर्माण कार्य | 11.93 | 24000.00 | 856.00 | 03माह |

नोट:-जी0एस0टी0 नवीनतम शासनादेश के अनुसार प्रथक से देय होगी।

2- वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:- 07.05.2025

3- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय:- 14.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।

4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-. 14.05.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।

5- निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र मे प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदा दाताओ को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वैबसाइट http//etender.up.nic.inपर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउन लोड करें।

( विनोद कुमार )
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-मेरठ।
महामहिम राज्यपाल उ0प्र0की ओर से

UPID-233110, DATE-28/04/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# उर्से ताजुश्शरिया को लेकर बैठक संपन्न

- साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में आयोजित हो उर्स
- समस्त संबंधित विभाग समय से व्यवस्थाओं को करें पूर्ण




**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उर्से ताजुश्शरिया को साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आयोजकों द्वारा अवगत कराया गया कि 04 व 05 मई को उर्से ताजुश्शरिया आयोजित होगा, जिसमें लगभग 10 से 12 लाख जायरीनों के आने की उम्मीद है।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उर्स की समस्त व्यवस्थाओं और बेहतर आयोजन के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी समय से लगा दी जाए तथा मौके पर जाकर फुल ड्रेस रिहर्सल भी कर ली जाए। समस्त अधिकारी अपने विभाग से सम्बंधित तैयारियां समय से कर लें। उर्स का आयोजन साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक समरसता पूर्ण वातावरण में किया जाए। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले जायरीन जब बरेली से जाएं तो अच्छी स्मृतियों के साथ जाएं। आयोजकों को निर्देश दिए गए कि वालंटियर की ड्यूटी मय आईडी कार्ड के लगायी जाए। रूट चार्ट तैयार किया जाए, साथ ही ले आउट भी सभी सम्बंधित अधिकारियों के पास होना चाहिए कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड से आने वाले जायरिनों को आयोजन स्थल तक जाने का रूट मैप क्या होगा। बैठक में आयोजकों द्वारा उर्स स्थल को सैनेटाइज कराने, मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था, पानी की टोटियां, साफ-सफाई, फांगिग, पानी के टैंक, कूडेघ्दान, चूना छिड़काव, हैण्डपम्प, बैरिकेटिंग आदि व्यवस्थाएं कराए जाने हेतु प्रशासन से अनुरोध किया। इसी प्रकार उर्स स्थल पर विद्युत सम्बंधी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तथा विद्युत फाल्ट ठीक करने हेतु विद्युत कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने हेतु भी अनुरोध किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग से मथुरापुर से सीबीगंज रोड को ठीक कराने हेतु अपेक्षा की गई। बैठक में अग्निशमन की व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था तथा मिनी बाईपास से झुमका तिराहे तक ट्रैफिक, पार्किंग व्यवस्था आदि के सम्बंध में चर्चा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर ने आयोजकों से वालंटियर व आयोजकों की सूची तथा आयोजन का लेआउट उपलब्ध कराने हेतु कहा, जिससे तदनुरूप पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी

सार्वजनिक सूचना

नामान्तरण ( वसीयतनामा )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लावड़, अन्तर्गत वार्ड सं.-12 में स्थित भवन/दुकान/खाली प्लाट सं. -118 के निवासी श्री कुलदीप शर्मा पुत्र स्व. श्री परमानन्द शर्मा निवासी मकान नं.-1398/1401, T/F, सीता राम बाजार, दिल्ली ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 11.04.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसको अपने पिता परमानन्द पुत्र स्व. श्री राजा राम शर्मा निवासी वार्ड सं.-12, मौहल्ला बड़ा मंदिर, लावड़ से पंजीकृत वसीयत द्वारा प्राप्त किया है, जिसकी चौहद्दी निम्नवत है:-पूरब-मकान बाबू राम शर्मा, पश्चिम-मकान नानक चन्द, उत्तर-रास्ता आम 10 फिट चौड़ा, दक्षिण-मकान अन्य। इस दाखिल खारिज प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन की अवधि के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत में कार्यालय दिवस में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

-अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लावड़, मेरठ।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शराब के नशे में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

## फोन कर खुद ही मृतका के मायके वालों को दी विवाहिता की हत्या करने की सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना बिनौली क्षेत्र के गांव ग्वालीखेडा में शराब के नशे में धुत एक युवक ने गले में फांसी का फंदा लगाकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद ही फोन कर मृतका के मायके वालों को विवाहिता की हत्या करने की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेंजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव तितरौदा निवासी अर्मित की शादी करीब दो वर्ष पूर्व गांव ग्वालीखेडा निवासी अरविंद के साथ हुई थी। बताया गया है कि अरविंद शराब पीने का आदी है और बिजली के बोर्ड बनाने की फैक्ट्री में नोकरी करता था। आरोप है कि सोमवार की रात शराब के नशे में धुत्त पति ने गले में फांसी का फंदा लगाकर अपनी पत्नी अर्मित'(27) की हत्या कर दी। बताया गया है कि पत्नी की हत्या के बाद पति ने फोन कर खुद ही ससुरालियों को विवाहिता की हत्या करने की सूचना दी। इसके बाद मृतका के परिजनों ने इस संबंध में थाना बिनौली में तहरीर दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के परिजनों ने बताया कि सोमवार को रात 11 बजे तक उनकी मृतका से बात हुई थी। वह हत्या का कारण नहीं बता सकें। उनका कहना था कि मृतका का पति शरब पीने का आदी था ओर शराब पीने के बाद वह अक्सर मृतका के साथ झगडा करता था। बताया गया है कि मृतका एक डेढ वर्ष के बच्चें की मां थी।



मृतका का फाइल फोटो



# डीएम से शिकायत कर चौपाल का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र के लॉयन गांव के दलित समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर पहुंकर डीएम जिलाधिकारी से शिकायत कर बताया कि गांव में सांसद कोटे से बन रही हरिजन चौपाल का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। समाज के लोगों ने डीएम से शिकायत कर चौपाल का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने की मांग की है।

लॉयन गांव के ग्रामीण अनुज, जयकुमार और भोपाल सिंह ने बताया कि ठेकेदार और जेई मनमर्जी से चौपाल का निर्माण कर रहे हैं। निर्माण में प्रयोग की जाने वाली नियत सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। शिकायत करने पर ठेकेदार उन्हें धमकाता है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने चौपाल की निर्माण सामग्री को बेच दिया है। उन्होंने डीएम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।




## डीएम ने बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक कर संबंधितों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर लें तथा सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आपसी समन्वय और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि राहत शिविरों की पूर्व व्यवस्था, आवश्यक खाद्य सामग्री, चिकित्सा सुविधाएं, नाव एवं अन्य बचाव उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने को कहा गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी तथा आवश्यक संसाधनों की पूर्ति हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे समय-समय पर क्षेत्रीय निरीक्षण कर स्थिति का आकलन करें और किसी भी आपात स्थिति के लिए तत्पर रहें। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई मुकेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अतुल आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने जिला स्वास्थ्य व जिला पोषण समिति की बैठक कर समस्त अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की (शासी निकाय समिति)एवं जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए। 70 साल से ऊपर के सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को 5 लाख तक का मुक्त इलाज मिलेगा। आयुष्मान की कैटेगरी में आने वाले व्यक्तियों को कार्ड बनाकर उन्हें स्वास्थ्य उपचार दिया जाए जो अस्पताल पैनल में है वह गुणवत्ता के साथ उपचार दे। जनपद में 12194 कार्ड 70 वर्ष से उम्र के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। 68 करोड़ के सापेक्ष 40 करोड़ रुपए तक का भुगतान अस्पतालों का कर दिया गया है।

इस दौरान जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत भुगतान समय से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा महिला नसबंदी का लक्ष्य आशाओं को दिया जाए और इसके प्रति गांव में जागरूकता अभियान भी चलाये जाने के निर्देश दिए। आरबीएसके की टीम फील्ड में अवश्य जाएं। पीसी पीएनडीटी के अंतर्गत अल्ट्रासाउंड सैंटरो की रेंडम चेकिंग की जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपरौली के कार्यों में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) के अन्तगर्त परामर्श के लिए टेली मानस हेल्प लाइन नं. 14416 या 18008914416 उपलब्ध है जिस पर कॉल कर के मानसिक रोगो के बारे में उचित परामर्श ले सकते है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डा. यशवीर, डा.विभाष राजपूत सहित आदि अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## परशुराम जन्मोत्सव पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर उनके जीवन पर आधारित एक शानदार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा व मैनेजर विनीत शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इस दौरान प्रश्नोत्तरी में सभी विधार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी में भगवान परशुराम के जीवन पर आधारित 40 प्रश्न पूछे गये जिनमें से 23 प्रश्नों का सही जवाब देकर कक्षा 10 के वैभव कुमार शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सृष्टि शर्मा द्वितीय तथा वंशिका पूनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जन्म से ब्राह्मण थे।

परन्तु कर्म उनके क्षत्रियों जैसे थे। वैदिक धर्म और संस्कृति के वे सशक्त प्रहरी थे इसलिए उन्होंने वैदिक धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

राक्षसों के घोर विरोधी थे और इसलिए उन्होंने इक्कीस बार पृथ्वी को राक्षस विहीन कर दिया था। कार्यक्रम का संचालन सोनम चौधरी ने किया तथा स्कोरिंग माधवी शर्मा ने की। इस अवसर पर संगीता, सचिन पंवार, हिमांशु पंवार, सुरेखा तोमर, नीतू चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## ईओ पर सरकारी धन का दुरूपयोग करने का आरोप

# नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में सभासदों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार व धन के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए सभासदों ने ईओ के विरूद्ध धरना दिया। सभासदों ने ईओ पर दस लोगों का फर्जी रूप से वेतन निकालने का आरोप लगाया। सभासदों ने पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजुद्दीन धरने में शामिल हुए और ईओ से वार्ता की।

सभासदों का आरोप है कि गत सोमवार को ईओ ने पालिका बोर्ड की बैठक बुलाई थी। सभासदों ने बोर्ड बैठक का बहिष्कार किया था। आरोप है कि ईओ ने बाद में घरों पर जाकर 9 सभासदों कें रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराये और फर्जी तरीके से दस करोड रुपये का बजट पारित कर दिया। आरोप है कि ईओं फर्जी तरीके से दस लोगों का वेतन निकाल रहे हैं। सभासदों ने इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष से जांच कराका कार्रवाई करने की मांग की है। सभासदों ने कहा कि नगर में विकास कार्य ठप्प पडे हैं और सरकारी पैसों की बंदरबांट की जा रही है। धरने पर जफनैदराजवीर, इरफान अख्तर महबूब खान, गुलजार, दिलशाद मीरहसन व मोहन चौहान आदि शामिल रहे ।

### ईओं ने आरोपों को बताया निराधार

ईओ कृष्ण कुमार भड़ाना ने उन पर लगाये गए सभी आरोपों को निराधर बताया और कहा वे सभी कार्य नियमानुसार कर रहे है। उनका कहना था कि उन पर दस लोगों का वेतन निकालने का आरोप गलत है। वे अपने चालक, रसोइयां आदि आठ लोगों का वेतन निकाल रहे है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में 24 कर्मचारी ऐसे हैं, जिनका कोई रिकॉर्ड नगरपालिका में नहीं है और उनका वेतन भी लिया जा रहा है। उहोंने कहा कि बोर्ड बैठक का बहिष्कार करने वाले नौ सभासद वापस आए और रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर कर बजट पास कराने में सहयोग किया।



ईओ केके भड़ाना

## एक नजर

### महिला आयोग की सदस्य आज 11 बजे करेंगे जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं की त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदकाओके सुगमता की दृष्टिगत राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराल की अध्यक्षता में जनपद बागपत में कल 30 अप्रैल 2025 को 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी, जिसमें ऐसी महिलाएं जिनकी कोई महिला उत्पीड़न संबंधित घरेलू हिंसा संबंधित समस्या हो तो वह अपनी समस्या के समाधान हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में प्रतिभाग कर सकती हैं।

### हाईस्कूल की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सनौली ने वैष्णव समाज किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** क्षेत्र के गाँव बिलोचपुरा निवासी हाईस्कूल की छात्रा यूपी बोर्ड की परीक्षा में 93.5 अंक प्राप्त कर जनपद- बागपत टॉप 10 में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली सलौनी वैष्णव एवं उसकी गाइड बड़ी बहन शिवानी वैष्णव को सत्य प्रकाश वैष्णव लूम्ब के नेतृत्व में वैष्णव समाज द्वारा सलौनी वैष्णव के घर पहुँचकर शाल, स्मृति चिन्ह व अन्य पुरूस्कार देकर सम्मानित किया किया गया।

स्वामी सत्य प्रकाश लूम्ब ने कहा उत्तर प्रदेश हाईस्कूल की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सनौली ने वैष्णव समाज नाम रोशन कर हमें गौरवान्वित किया है। रविकुमार एडवोकेट ने कहा ऐसे होनहार बच्चों और विशेषकर बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए वैष्णव समाज उन्हें ऊर्जावान बनाकर लक्ष्य प्राप्त करने के उपरान्त समाज कल्याण के लिए प्रेरित करेगा। समाजसेवी आर.आर.डी. उपाध्याय ने कहा बेटियाँ प्रत्येक अग्रणी भूमिका निभा रही है। संस्कारों से पोषित शिक्षित बेटियों पर समाज विशेष ही नहीं सम्पूर्ण राष्ट्र गर्व की अनुभूति करता है। सलौनी वैष्णव को सम्मानित करते समय स्वामी जितेन्द्र कुमार बली, स्वामी रामेश्वर दयाल, रविकुमार एडवोकेट, सोनू स्वामी, समाजसेवी आर.आर.डी. उपाध्याय, सत्य प्रकाश वैष्णव, सुरेश चन्द्र, प्रदीप कुमार, पुनीत बबली, पूजा, हिमानी, सोनिया, क्रिष्टी आदि उपस्थित रहे।

### महिला ने पडौसी पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** शराब के नशे मे एक युवक ने रात्रि में महिला के घर मे घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने थानें पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी है।

चांदीनगर क्षेत्र के एक गांव मे बिहार के एक दम्पत्ति पिछले दस वर्ष से खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रात्रि पडौस के एक युवक ने नशे के हालत मे महिला से छेड़छाड़ का प्रयास किया। महिला ने थानें पहुंच बताया कि रात्रि के लगभग 11 बजें वह कमरे मे बच्चों के साथ सो रही थी। उसका पति घर के आंगन मे सोया हुआ था तभी पडौस का एक युवक नशें की हालत मे उसके घर पहुंचा और महिला से छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। महिला ने अगले दिन अपने पति के साथ थानें पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ थानें मे तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वही दूसरी ओर, ढिकोली गांव निवासी ब्रजकांत गौतम अपने घर से सोमवार दोपहर मेरठ जाने को कहकर निकला था जो वापस घर नही लौट पाया है जिससे परिजन परेशान है और उसकी तलाश मे जुटे है।

### ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में परशुराम चौक पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पंडित पवन शास्त्री द्वारा विधि विधान से उनके चित्र के समक्ष पूजन व किया गया। इसके उपरांत समाज के लोगों द्वारा भगवान के चित्र को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित घनश्याम शर्मा, संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा के डायरेक्टर एवं मेरठ मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, ब्राह्मण महासभा समिति जिलाध्यक्ष बागपत महेन्द्र दत्त शर्मा, ओमकार दत्त शर्मा जोनमाना उत्तर प्रदेश सचिव लोकेश वत्स, एड.दीपक शर्मा आचार्य में उमेश शास्त्री आचार्य संजय शास्त्री द्वारा उनके जीवन चरित्र पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। अन्य विद्वानों ने समाज को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की भी अपील की। कहा कि उन्होंने सदैव आसुरी माया को समाप्त करने के लिए फरसा उठाया। समाज में सद्भाव स्थापित करने के लिए वह सदैव प्रयत्न शील रहे। इसके अलावा सभासद रमेश शर्मा। सभासद प्रमोद शर्मा को शहर का गौरव बताते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान आदित्य भारद्वाज, श्रद्धानंद शर्मा, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, विजयपाल शर्मा, अमित शर्मा, दिल्ली पुलिस से रिटायर वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम शर्मा शिक्षक पंडित पंकज शर्मा रजनीश शर्मा रविंद्र भारद्वाज पंडित नीरज वत्स दीपक शर्मा अभिषेक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### 30 अप्रैल को होने वाले शिलान्यास की तैयारी की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के पंचवटी मंदिर में श्रीराधा कृष्ण मंदिर पंचवटी मंडी, ट्रस्ट की बैठक मनोज गोयल ( चाँद ) की अध्यक्षता मे हुई जिसमे 30 अप्रैल को होने वाले शिलान्यास की तैयारी की समीक्षा की गई। मनोज गोयल, चाँद ने बताया कि पंचवटी धर्मशाला को विशाल रूप दिया जा रहा है, जिसमे पहले चरण मे धर्मशाला के पीछे की जमीन जो करीब 325 गज हैं मे विशाल एयरकंडीशनर हाल का निर्माण किया जायेगा। बाद में हाल और धर्मशाला को एक कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि हाल का शिलान्यास समाज सेवी योगेश मोहन सर्राफ के द्वारा एंव भूमि पूजन आकाश बंसल के द्वारा किया जायेगा। शिलान्यास कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। बैठक मे डा.योगेश जिन्दल, संजय गुप्ता सभाअद, रजत गोयल, ब्रह्म सिंह गोयल भट्टे वाले, विनोद गोयल ( पंसारी ) प्रदीप गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अशोक मित्तल आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने विधायक से की गांव की समस्याओं से निजात दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के तुगाना गांव में जल संकट ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। गांव में एक वर्ष पूर्व स्थापित की गई पानी की टंकी की पाइप लाईन जो ग्रामवासियों के लिए उम्मीद की किरण थी, अब समस्याओं का अड्डा बन चुकी है। पाइप लाईनों में जगह-जगह रिसाव के कारण जल आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे ग्रामीणों को न केवल पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में भी दिक्कत आ रही है।

गांव निवासी पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि जलापूर्ति का मुख्य सहारा, जितेन्द्र पुत्र धर्मवीर कश्यप, जो इस टंकी पर कार्यरत हैं, पिछले कई महीनों से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में जहां गांव की सड़कों पर कीचड़, जलभराव और दुर्व्यवस्थित स्थितियां ग्रामीणो की जीवनशैली को प्रभावित कर रही हैं, वहां उपेक्षा का आलम भी सामने आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण गांव की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे पशु-पक्षियों और प्रवासी श्रमिकों के लिए भी समस्या खड़ी हो गई है। समस्या से निजात पाने के लिए तुगाना गांव के पूर्व प्रधान कृष्ण वीर ने गांव की समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक डा. अजय कुमार को एक शिकायत पत्र के माध्य से तीव्रता से ध्यान देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गांव में कठिनाईयों का सामना कर रहे। ग्रामीणो ने विधायक से निवेदन किया है कि जल आपूर्ति प्रणाली को सुधारें, पाइपलाइनों की मरम्मत करवाई जाए और जितेन्द्र को उनका बकाया वेतन दिलाया जाए जिससे वह अपने परिवार का अच्छेसे पालन-पोषण कर सके । ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस दिशा में कार्यवाही नहीं की गई, तो वे प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस संकट के समाधान की उम्मीद करते हुए, ग्रामवासियों ने विधायक को आश्वस्त किया है कि वे समाज में एकजुट रहेंगे और अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे। अब यह देखना होगा कि क्या उन मांगों का संज्ञान लिया जाएगा, या तुगाना गांव के जल संकट का मामला और भी गंभीर मोड़ लेगा। ग्रामीणों की आवाज, जो पानी के बिना थोड़ी कमजोर हो रही है, एक बार फिर ताकत के साथ उठेगी। अगर हालात में सुधार नहीं हुआ तो। अब यह क्षेत्रीय विधायक पर निर्भर है कि वह इस समस्या का कब तक समाधान कराते है। इस मोके पर कृष्णवीर पूर्व प्रधान संजीव, हरवीर ,नरेंद्र ,पप्पू ,बुनदर, राजसिंह, नीटू ,सतबीर ,प्रवीन कुमार ,मनीष, राहुल ,रामलाल, इन्द्रपाल, गौरव, सतीश, प्रदीप कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



## भाजपा द्वारा वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वक्फ संशोधन बिल पर मुस्लिम समाज में बनी भ्रांतियों को दूर करने के लिए मंगलवार को भाजपा के जिला कार्यालय पर जिला कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें कानून में हुए बदलावों के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यकर्ताओं से इन बदलावों के बारे में गांव-गांव जाकर अल्पसंख्यक वर्ग तक सही जानकारी पहुंचाने का आहवान किया गया।

जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पश्चिमी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान. सिंह गोस्वामी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग, पसमांदा मुस्लिम व महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने में सहायक होगा। यह विधेयक विरासत एवं व्यक्तिगत संपत्तियों के अधिकारों की सुरक्षा करेगा। विपक्ष का एजेंडा नकारात्मक प्रचार से लोगों को भ्रमित करने का है। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास है और यही संकल्प केन्द्र सरकार की प्रत्येक योजना एवं निर्णय में परिलक्षित होता है।

## धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी अवश्य रक्षा करेगा: नीरज वत्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के तत्वाधान में नगर की आवास विकास कॉलोनी में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने कहा कि पराक्रम के कारक सत्य के धारक वीरता के प्रतीक भगवान परशुराम द्वारा अधर्म को समाप्त करके धर्म की रक्षा और स्थापना करने का कार्य किया गया। पंडित नीरज वत्स ने कहा कि धर्म के मार्ग को अपनाना चाहिए क्योंकि आप धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी अवश्य ही रक्षा करेगा। संचालन आचार्य उमेश कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंडित नीरज वत्स प्रमोद शर्मा शिवम शर्मा राजीव भारद्वाज आचार्य संजय कौशिक जागौश राजकुमार शर्मासुनील शर्मा रजनीश शर्मा अजय राज शर्मा दीपक शर्मा आचार्य विनीत कौशिक सुबोध शर्मा मयंक शर्मा रचित शर्मा माही शर्मा केशव शर्मा आदि मौजूद रहे।



## भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर यज्ञ हवन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को श्रीश्याम वाटिका में भगवान परशुराम की जयंती पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरन कार्यक्रम 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें क्षेत्र के सैकडां श्रद्धालुओं व स्थानीय गणमान्य व्यक्ति यों तथा सम्मानित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे पवित्र हवन कर और 11बजे दीप प्रज्वलन समारोह आयोजित किया गया। 11:20 बजे भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित एक प्रेरक वीडियो प्रस्तुति प्रदर्शित की गई। इस मौके पर दोपहर 1:30 बजे भक्ति प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर श्रीभैया दासजी महाराज (श्रीबालाजी धाम आश्रम गौशाला, डुंडाहेड़ा) का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने आशीर्वचन में भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने और सनातन संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर अधयक्ष देकेंद्र, संचालक आशीष कांडवाल, श्याम सुंदर, संजय प्रधान, यशपाल त्यागी, सोनू त्यागी, नरेश प्रधान, और शिव कुमार त्यागी सहित आदि मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य मंच से के.टी. विंग फाउंडेशन के संस्थापक कपिल त्यागी (के.टी. भैया) ने सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता, युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने एक नई पहल की घोषणा की, जिसमें के.टी. विंग फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरुआत की जाएगी। इस प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन, प्लंबिंग, वेल्डिंग जैसे कौशलों को शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पिलाना और आसपास के गांवों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। इस महोत्सव ने न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक उत्थान और युवा सशक्तिकरण की दिशा में भी एक ठोस कदम उठाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं, के.टी. विंग यूथ, ग्रामवासियों, हम्बीर सिंह, फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।



# बीएसए दफ्तर में मेरठ एंटी करप्शन टीम ने मारा छापा

## स्कूल नवीनीकरण के नाम पर बाबू और संविदाकर्मी 70 हजार रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ की एंटी करप्शन टीम ने हापुड़ के थाना हाफिजपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने चितौली रोड स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एक बाबू और एक संविदाकर्मी को 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है।

शिकायतकर्ता सुकुमार की सूचना पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की। टीम ने बाबू दीपेंद्र और संविदा कर्मी निखिल शर्मा को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को देहात थाने ले जाया गया है। स्कूल नवीनीकरण के नाम पर रिश्वत मांगने का यह मामला मंगलवार का है। सूत्रों के अनुसार, बेसिक शिक्षा अधिकारी का कार्यालय लंबे समय से रिश्वतखोरी का केंद्र बन गया था। यहां कर्मचारियों को प्रताड़ित कर उनसे पैसे वसूले जा रहे थे। एंटी करप्शन टीम दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच में कई बड़े अधिकारियों के नाम सामने आ सकते हैं।



आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई से बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## घर की खिड़की तोड़कर की 20 लाख की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ के कपूरपुर गांव छज्जुपुर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। सोमवार देर रात चोरों ने घर की पिछली खिड़की तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित नरेंद्र ने बताया कि रात को खाना खाने के बाद पूरा परिवार सो गया था। चोरों ने कमरे का बाहर से गेट बंद कर दिया और अलमारी से सामान चुरा लिया। मंगलवार सुबह जब परिवार की नींद खुली तो अलमारी से एक लाख रुपए नकद, 15 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और 20 किलो घी गायब मिला। नरेंद्र ने बताया कि इससे पहले भी गांव में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। रात में पुलिस गश्त नहीं होने से चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। थाना प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं। चोरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम काम कर रही है।

# स्कूटी सवार महिला से चेन स्नैचिंग, कैमरे में कैद हुई वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ की अपना घर कॉलोनी में मंगलवार दोपहर चेन स्नैचिंग की वारदात हुई। स्कूटी पर बेटी के साथ जा रही महिला को बाइक सवार 2 बदमाशों ने निशाना बनाया। ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। फिलहाल पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार स्कूटी पर सवार एक महिला अपने घर की ओर जा रही थी। जैसे ही वह अपना घर कॉलोनी के पास गैस एजेंसी मुख्य चौराहे पर पहुंची तो बाइक सवार दो बदमाशों ने पहले महिला का पीछा किया। फिर मौका देखकर उनकी चेन छीन ली। इस दौरान महिला बेटी के साथ स्कूटी से गिर गई और चोटिल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता को जांच का आश्वासन दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।



# जनपद के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से मिले भाजपा नेता

## भूमाफियाओं के खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जनपद हापुड़ के विकास के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने जनपद के विस्तार हेतु मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश में सबसे छोटा जिला होने के कारण हापुड़ का विकास कम हो रहा है।

उन्होंने भू-माफियाओं पर नकेल कसने के लिए भी मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि भू-माफियाओं कि वजह से राजस्व का नुकसान हो रहा है। भाजपा नेता प्रमोद नागर ने गाजियाबाद से गढ़मुक्तेश्वर तक मैट्रो सेवा शुरू करने व गंगा एक्सप्रेस-वे पर हिम्मतपुर गांव में सर्विस रोड की मांग की और गढ़मुक्तेश्वर में बने गंगा पुल का नाम 1857 अमर क्रांतिकारी राव कदम सिंह सेतु करने की भी मांग की। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी मांगों के लिए उन्हें आश्वस्त किया।



# जेएमएसआईटी में छात्रों को करियर बनाने के मिले अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जेएमएसआईटी गाजियाबाद में मंगलवार को आउटराइट सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से संस्थान ने अपने उस प्रमुख लक्ष्य की दिशा में एक और सार्थक कदम बढ़ाया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीसीए तथा एमसीए पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्लेसमेंट प्रक्रिया आउटराइट सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के नोएडा स्थित कार्यालय हेतु विभिन्न पदों, जैसे वर्डप्रेस डेवलपर, पीएचपी डेवलपर, ग्राफिक डिजाइनर, एसईओ फेशर डेटाबेस टेस्टिंग एवं मैन्युअल टेस्टिंग, कंटेंट राइटर और डेटाबेस टेस्ट इंजीनियर के लिए आयोजित की गई। कुल 75 छात्रों ने चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग किया। जो दो चरणों में आयोजित हुई। पहला चरण समूह चर्चा ग्रुप डिस्कशन और दूसरा चरण व्यक्तिगत साक्षात्कार पर्सनल इंटरव्यू का था। संस्थान के सचिव डा. हिमांशु सिंहल ने इस आयोजन की सफलता की घोषणा करते हुए आउटराइट सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक प्रो. डा. अनिरुद्ध बिस्वास एवं प्राचार्य प्रो डा. प्रवीण गुप्ता ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव से विद्यार्थियों को न केवल रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। बल्कि उनके आत्मविश्वास एवं सामाजिक सहभागिता में भी वृद्धि होती है। इस उपलब्धि से न केवल छात्रों का बल्कि पूरे संस्थान का गौरव बढ़ा है।




# ट्रक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, 2 की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात स्कूटी सवार 3 युवकों को ट्रक ने रौंद दिया। जिसमें सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना पर परिजन में कोहराम मच गया।

बताया गया है कि स्कूटी पर सवार तीनों युवक बुलंदशहर से हाफिजपुर की ओर आ रहे थे। हाफिजपुर थाने के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े और ट्रक के पहियों की चपेट में आ गए। हादसे में जावेद निवासी सिकंदर गेट, हापुड़ की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी मालिक आमिर निवासी मुरादनगर को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरा युवक आरिफ निवासी गुली मोहल्ला, गढ़ गेट, हापुड़ गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



# जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बहादुर को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने धौलाना और पिलखुवा में तूफानी दौरा किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने धौलाना में आउटरीच कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप आत्रेय और पिलखुवा में वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बहादुर सिंह गौतम को उनके आवास व प्रतिष्ठान पर जाकर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा हैं कि यह अभियान पुराने कांग्रेसियों को पार्टी में फिर से जोड़ने और उन्हें सम्मानित करने के लिए चलाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा हैं कि हर वह कांग्रेसी, जिसने पार्टी के लिए मजबूती के साथ धरातल पर संघर्ष किया हैं। हर उस कांग्रेसी को घर घर जाकर उन्हें पूरे मान सम्मान के साथ सम्मानित करने का अभियान कांग्रेस जनों द्वारा पूरे जनपद में चलाया जा रहा हैं। पिलखुवा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने सुधीर शर्मा, आदेश शर्मा, कयूम खान, पूर्व शहर अध्यक्ष ज्ञानेंद्र गुप्ता को सम्मानित किया हैं। इस दौरान कुलदीप शर्मा, गुलफाम कुरैशी, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, सावन चौधरी, भरतलाल शर्मा, रामू, बॉबी त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।



## एक नजर

### महिला आयोग सदस्य मनीषा अहलावत करेंगी 30 अप्रैल को समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सदस्य मनीषा अहलावत उप्र राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश का आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम 30 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 30 अप्रैल 2025 को प्रात: 11 बजे मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस हापुड़ में बैठक आहूत होनी प्रस्तावित है, इसके उपरान्त जनसुनवाई की जानी प्रस्तावित है। विभाग द्वारा निवेदन किया गया है कि महिला सम्बंधित प्रकरणों की जनसुनवाई हेतु अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

### घर में घुसकर हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी नफीस ने बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी पड़ोसी युवक वहां आया और उसको देखकर गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य: डा. एम जावेद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हमारी शक्ति हमारा ग्रह नामक थीम पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने पर्यावरण संरक्षण किए जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वि वि के प्रतिकुलाधिपति डा. एनके सिंह, कुलपति डा. मोहम्मद जावेद, कुलसचिव कर्नल डा. डी पी सिंह, उपकुलपति (प्रशासनिक) प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुलपति (अकादमिक) डा. जयदीप कुमार, उपकुलपति (एडमिशन) रोहित शर्मा, डा. आर बी सिंह एवं डा. प्रताप सिंह के संयुक्त रूप से पौधारोपण के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कलरिंग आदि कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एम जावेद ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारी शक्ति हमारा ग्रह पर मनाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमार घर है उसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर स्कूल ऑफ साइंस एंड एग्रीकल्चर की संकायाध्यक्ष डा. सौरभी दत्ता ने कहा कि यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो धरती को बचाना संभव है। इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में स्कूल ऑफ मानविकी और सामाजिक विज्ञान की संकायाध्यक्ष डा. सोमा दास और डा. आशीष कुमार की विशेष भूमिका रही। इन्होंने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विजेता टीमों की घोषणा की जिसमें पोस्टर मेकिंग में बीएससी (गणित) की साक्षी शर्मा ने प्रथम स्थान, बीएससी (गृह विज्ञान) की सिमरन ने द्वितीय स्थान तथा एमएससी की रितिका तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन बायोटेक्नालॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा.अमित राठौर ने किया। इस मौके पर डा. रिचा यादव, डा. रितु चिक्कारा, डा. लोकेन्द्र कुमार, डा. अविनाश शर्मा, राजीव कुमार, मोहित कुमार, राहुल गौतम, प्रिंसी, प्रशान्त तिवारी आदि शिक्षकों के साथ मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी, डा. गणेश शंकर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# प्लॉटिंग विवाद में गोली चलाने वाला गनर व उसका साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के कपूरपुर थाना क्षेत्र में 25 अप्रैल को हुए प्लॉटिंग विवाद में फायरिंग करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुलावठी-बुलंदशहर हाईवे से सटे धौलाना तहसील के गांव छज्जुपुर में किसानों की जमीन पर जिला पंचायत का बोर्ड लगाने को लेकर विवाद हुआ था।

मामले में भाजपा नेता के निजी गनर कपिल सपनावत और उसके साथी रवि सैनी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से बंदूक भी बरामद की है। क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान के अनुसार, घटना में जिला पंचायत अध्यक्ष के कथित देवर घायल हुए थे। इस दौरान गनर और उसके साथी ने कई राउंड फायरिंग की थी। पुलिस ने इस मामले में 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच में जिला पंचायत सदस्य सुमित सिसौदिया की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। किसानों का आरोप है कि सिसौदिया ने उनसे प्लॉटिंग के एवज में 5 लाख रुपये की मांग की थी। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। किसानों का कहना है कि वे अपनी जमीन पर आवासीय भवन बनाना चाहते थे, जिसका विरोध किया गया। इस दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें मारपीट और पथराव भी हुआ।




# बाल विवाह के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को जनपद हापुड़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह के सम्बन्ध जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड हेल्प लाईन,वन स्टॉप सेंटर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एसएसवी इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बाल विवाह रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्रे बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं टोल फ्री नंबर 181, 1098, 112, 108, 102 आदि योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बालक बालिकाओं का शोषण होने पर अपने संबंधित थाने को तत्काल में सूचित करने की बात कही गई। अधिनियम 2013 कन्या भरूण हत्या देखरेख संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे तथा महिलाओं के प्रति लेगिंग अपराधों के बारे में बताया गया। महिलाओं के लिए सरकार द्वारा बनाए गए विशेष नियम और कानून के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान हुमा चौधरी सामाजिक कार्यकर्ता, रबीता चौहान परामर्शदाता, रिंकी स्टॉफ नर्स, दिव्या कोडीनेटर चाईल्ड हेल्प लाईन के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल महोत्सव का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। अन्तरस्कूलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 40 स्कूलों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर आयुष सिंघल, सचिव रोहन सिंघल व प्रधानाचार्य डॉक्टर निधि मलिक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत सम्मान प्रतीक देकर किया। क्रीड़ा भारती मेरठ प्रांत के अध्यक्ष विशाल मित्तल जिला सह मंत्री मनोज और खो-खो संघ हापुड़ के सचिव रविंद्र गुर्जर, बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश में उनके द्वारा रिबन काटकर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान रविंद्र गुर्जर ने बताया की जेएमएस वर्ल्ड स्कूल समय-समय पर बच्चों के भविष्य को उज्जवल करने के लिए कार्यक्रम को आयोजित करता रहता है।

विशाल मित्तल ने बताया कि हमें 2036 ओलंपिक की तैयारी अभी से शुरू करनी है। जिसमें हम भविष्य में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त कर अपने देश का नाम रोशन कर सके। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग ने बताया कि बालिका वर्ग में अंडर 10 में अनन्या ने प्रथम अंशिका ने द्वितीय लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग में अर्णव ने प्रथम रूद्र ने द्वितीय नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 12 बालक वर्ग में सुशांत यादव ने प्रथम सागर रावत ने द्वितीय तथा स्वरित चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही बालिका वर्ग मणें यशिका ने प्रथम अरवी ने द्वितीय तथा राध्या शर्मा ने तीर्थ स्थान प्राप्त किया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल व प्रधानाचार्य डा. निधि मालिक द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अंकुर, अमित, मनोज, लवलेश, आयुषी नीरज, अवनीश, लायेबा, सचिन, नितिन, रितिक आदि लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नही है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नदीम व उसकी पत्नी सोनम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगें।

नसीम पुत्र शहजाद निवासी कस्बा राटौल थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

# विधायक ने अधिकारियों की राजकीय अनुसूचित जाति ( बालक ) छात्रावास का किया शुभारम्भ

**■सेंट्रल लाइब्रेरी का भी किया शिलान्यास**

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति (बालक) छात्रावास रामपुर में शैक्षिक सत्र 2025-26 में छात्रों के प्रवेश सत्र का शुभारंभ माननीय रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने किया। उन्होंने छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण भी किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि 100 शैय्या क्षमता के इस छात्रावास में प्रवेश हेतु पात्र छात्र 15 मई, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।



उन्होंने बताया कि छात्रावास को आधुनिक सुविधाओं एवं नये फर्नीचर, उपकरण आदि से सुसज्जित कराया गया है। यह छात्रावास उन सभी छात्रों के लिए सुविधाजनक है, जो अपने घरों से दूर रहकर अध्ययन कर रहे हैं। वर्तमान शैक्षिक सत्र में छात्रावास में आवासित रहने हेतु 25 छात्रों द्वारा अपना पंजीकरण समाज कल्याण कार्यालय में करा लिया गया हैं। कोई भी छात्र जो जनपद रामपुर के किसी भी विद्यालय या कॉलेज इत्यादि में नियमित रूप से प्रवेशित हो और आय प्रमाण पत्र के अनुसार जो छात्रवृत्ति हेतु पत्र हो छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के अधिवासी छात्र को कॉशन मनी एक मुश्त 100 रुपये तथा पिछडा वर्ग व सामान्य के अधिवासी छात्र को कॉशन मनी एक मुश्त 200 रुपये और कमरे का किराया 25 रुपये प्रति माह अधीक्षक कार्यालय में जमा करना होगा।

तत्पश्चात शहर विधायक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आश्रम पद्धति विद्यालय परिसर में स्थापित सेंट्रल लाइब्रेरी ( विवेकानंद भवन पुस्तकालय) का शिलान्यास किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालय परिसर में स्थित खंडहर हो रही बिल्डिंग को जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क्रिटिकल गैप के माध्यम से पुनर्जीवित कर सेंट्रल लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विशाल बाइक रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर परशुराम सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली आदर्श कॉलोनी सिविल लाइफ से शुरू होकर शौकत अली रोड, डायमंड सिनेमा रोड, कचहरी रोड, आवास विकास कॉलोनी और राम रहीम पुल होते हुए माया देवी धर्मशाला आगापुर रोड ज्वाला नगर पर संपन्न हुई। रैली के बाद देश और समाज की खुशहाली और समस्त शत्रु नाश के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में रामपुर के सभी ब्राह्मणों ने पूर्ण आहुति देकर भगवान परशुराम जी की आरती की और प्रसाद वितरित किया। रैली का जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुष्पों की वर्षा करके स्वागत किया गया। शौकत अली रोड पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ, स्टार चौराहे पर जिला ब्राह्मण सभा रामपुर, कचहरी चौराहे पर अखिल




भारतीय ब्राह्मण सभा और सिविल लाइन में प्रभावती गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। इसके अलावा आगापुर रोड पर माया देवी ट्रस्ट द्वारा भी भव्य स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विप्र बंधु उपस्थित थे, जिनमें पंडित संजय शर्मा, पंडित राजीव शर्मा, पंडित निक्कू पंडित, पंडित अनिल वशिष्ठ, पंडित दिनेश शर्मा, पंडित राम बाबू शर्मा, पंडित सौरभ पाठक, पंडित संदीप कौशिक( बंटा महाराज) ,पंडित चन्द मोली शर्मा, पंडित राहुल शर्मा, पंडित प्रतीक शर्मा, पंडित अमन वशिष्ठ, पंडित अभिषेक शर्मा, पंडित सीता राम शर्मा, पंडित अंशुल शर्मा, पंडित राम लखन शर्मा, पंडित प्रदीप भारद्वाज, मनु शर्मा, पारस वशिष्ठ, राहुल भारद्वाज, केशव मणि, निशव शर्मा, पं संजय पाठक, पं विकास पाण्डे आदि सैकड़ों की संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत ने पहलगाम में आंतकियों द्वारा की गई घटना पर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों के द्वारा ग्राम पीपलसाना में किसान यूनियन के जिला सलाहकार सलामत जान के आवास पर बैठक हुई जिसमें जम्मू-कश्मीर राज्य के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं उसके बाद पाकिस्तानी आतंकवाद को खात्म करने और आंतकियो के खिलाफ सख्त कदम उठाने की सरकार से मांग की है। किसान यूनियन टिकैत के लोगों ने विरोध जताया।इस दौरान भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि निर्दोष लोगें को मारकर आतंकियों ने मानवता को गहरी चोट पहुंचाई है जिसका दर्द बहुत गहरा है जो कभी नहीं भर सकता। इस कायरतापूर्ण हमलें की हम सब किसान कड़ी निंदा करते हैं।और भारत सरकार से मांग करते हैं।कि पाकिस्तान को करारा जवाब भारत सरकार जल्द ही इसका जबाब देगी। जिला सलाहकार सलामत जान,ग्राम अध्यक्ष बक्शी सिंह, कुलबीर सिंह, लखविन्दर सिंह, अमीर अहमद, तसवीर अहमद, रफत अली,मोहम्मद सलीम, जुनैद अली,आदि किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा ने मुसलमानों को दिए अधिकार, घर-घर जाकर वक्फ के प्रति जनजागरण करेंगे भाजपाई: हरीश गंगवार

## भाजपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक, जिलाध्यक्ष बोले वक्फ को लेकर जनजागरण अभियान चलाएगी भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बुधवार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि वक्फ मुसलमानों के शोषण का माध्यम था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें संशोधन कर मुसलमानों को और अधिकार देने का कार्य किया है। मुस्लिमों की स्थिति और मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन को लेकर विपक्ष की ओर से मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा है, लेकिन भाजपा के पदाधिकारी घर-घर जाकर मुसलमानों को जागरूक करेंगे। राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा ने आम मुसलमानों को अधिकार देने और उनके आर्थिक विकास के लिए वक्फ अधिनियम में कुछ संशोधन किए हैं। लेकिन, विपक्षियों को यह बात हजम नहीं हो रही है।

वह नहीं चाहते कि मुसलमान भाजपा के साथ आएं। इसीलिए, कांग्रेस, सपा, बसपा समेत विपक्ष के सभी दल मुसलमानों को गुमराह करने में जुट गए हैं। किंतु, मुसलमानों को वक्फ संशोधन अधिनियम के प्रति जागरूक करने



के लिए भाजपा की ओर से जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। मई माह में चलने वाले इस अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रति. निधि मुस्लिमों के बीच जाएंगे। उन्हें बताएंगे कि वक्फ में संशोधन की जरूरत क्यों पड़ी और इससे क्या नुकसान थे।

अब उन्हें क्या फायदा होगा। इसके लिए विधानसभा स्तर पर मुसलमानों के सम्मेलन आयोजित होंगे। साथ ही साथ ही गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को वक्फ संशोधनों की जानकारी दी जाएगी। मुस्लिम महिलाओं के बीच भी पार्टी जाएगी और उन्हें बताएगी कि पहले वाले वक्फ में उनके लिए क्या था और अब क्या मिला है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला कोषाध्यक्ष संजय पाठक, विकास दीक्षित, अर्जित सक्सेना, बाकर खान, यामीन पाशा, प्रदीप गुप्ता, शुभम सक्सेना, कुंवर बहादुर लोधी, आकाश सक्सेना, अजीत गौतम, कुंवर पल यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत सींगनी विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांक:-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक:-29/04/2025**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सींगनी विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 30/04/2025 से 07/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 08/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत ( प्रधान एवं सचिव ) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड, भूसा, सिलैज ,हरा चारा | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोट:-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री चंचल सिंह ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत सींगनी**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री अनुज शर्मा सचिव )**
**ग्राम पंचायत सींगनी**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दलेलनगर विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांक:-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक:-29/04/2025**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दलेलनगर विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 30/04/2025 से 07/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 08/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत ( प्रधान एवं सचिव ) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड, भूसा, सिलैज ,हरा चारा | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोट:-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती कमला देवी ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत दलेलनगर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री अनुज शर्मा सचिव )**
**ग्राम पंचायत दलेलनगर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सरकड़ी विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांक:-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक:-29/04/2025**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरकड़ी विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 30/04/2025 से 07/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 08/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत ( प्रधान एवं सचिव ) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड, भूसा, सिलैज ,हरा चारा | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोट:-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री बलवीर सिंह ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत सरकड़ी**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री अनुज शर्मा सचिव )**
**ग्राम पंचायत सरकड़ी**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सूरत सिंहपुर उर्फ नया गाूव वि.ख. सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांक:-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांक:-29/04/2025**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सूरत सिंहपुर उर्फ नया गॉव विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 30/04/2025 से 07/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 08/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत ( प्रधान एवं सचिव ) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड, भूसा, सिलैज ,हरा चारा | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोट:-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री इशत्याक अली ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत सूरत सिंहपुर उर्फ नया गॉव**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री अनुज शर्मा सचिव )**
**ग्राम पंचायत सूरत सिंहपुर उर्फ नया गॉव**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

# युवक का शव फांसी पर झूलता मिला

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**हसनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर जा रहे लोगों की नजर एक बंद पड़ी लकड़ी की आरा मशीन पर लटके हुये शव पर पड़ी तो वहां भीड़ जमा हो गई। पहचान करने के बाद फांसी के फंदे पर लटके हुए युवक के परि. जनों को सूचना दी तो वह भी

**■ सुबह टहलने गए लोगों से मिली घटना की जानकारी**

मौके पर पहुंच गये। युवक की पहचान प्रशांत जोशी पुत्र तारा जोशी (21) वर्ष के रूप में हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा युवक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां और बहन का रोते बिलखते बुरा हाल था। युवक के पांव जमीन पर टिके हुए थे, जिससे अंदाजा कुछ और लग रहा था। मृतक युवक परचून की दुकान करता था। मृतक युवक के पिता ने बताया कि पड़ोस में शादी थी, दो ढाई बजे



तक वहां पर नाच गाना हुआ था। तारा जोशी का कहना था कि उसके पुत्र की हत्या करने के बाद किसी ने शव को फांसी के फंदे पर लटकाया है। इस सम्बंध में सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। **कई बिंदुओं पर पुलिस कर रही है जांच**

पुलिस ने युवक के पिता तारा जोशी से प्रारंभ में आत्महत्या करने की तहरीर ले ली थी, लेकिन कुछ समय बाद परिजन भीड़ के साथ कोतवाली पहुंच गये तथा हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। परिजनों का कहना है कि प्रशांत फोन पर किसी युवती से बातचीत करता था। पुलिस प्रेम संबंध को जोड़कर भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस सीडीआर को सामने रखकर भी जांच कर रही है। सभी बिंदुओं और पीएम रिपोर्ट आने के बाद गुत्थी सुलझेगी।



■ हसनपुर।युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

## युवती पर ब्लैकमेंलिंग का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**हसनपुर।** प्रशांत जोशी का शव पोस्टमार्टम होने के बाद पहुंचने पर एक बार फिर परिजन भीड़ के साथ कोतवाली पहुंच गये। वहां पर कोतवाल वरुण कुमार को बताया उनके पुत्र से नगर के मोहल्ले की युवती दो बार 50-50 हजार रुपये ले चुकी है। अब 2 लाख रूपये लाने के लिए दबाव बना रही थी। मृतक के पिता ने सीधे-सीधे अपने पुत्र की हत्या करने के लिए युवती को जिम्मेदार भी ठहराया है, हालांकि पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक बिंदु पर जांच की जायेगी और आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया कि जांच में सभी बिंदुओं को शामिल किया जाएगा।



■ जोया।नगर पंचायत कार्यालय में मारपीट के बाद घटना की जानकारी करती पुलिस।

# नगर पंचायत कार्यालय बना अखाड़ा

## सफाई नायक के बेटों ने कर्मी को दौड़ाकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** नगर पंचायत में तैनात आउट सोर्सिंग सफाई कर्मी ने सफाई नायक के घर जमकर हंगामा किया। जबकि सुबह फिर दोनों पक्ष कार्यालय में भिड़ गये। सफाई नायक के बेटे ने कर्मी की जमकर धुनाई की। नगर पंचायत कार्यालय काफी समय से अखाड़ा बना रहा। पुलिस मौके पर पहुंची। जबकि सफाई कर्मी की पत्नी से उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला चौधरियान निवासी सोनू व उसकी पत्नी शर्मा देवी नगर पंचायत में आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारी है। शर्मा देवी सफाई नायक राजवीर सिंह के अंडर काम करती है। बीते दिन की घटना है कि सफाई नायक ने शर्मा देवी से मौहल्ले में सफाई करने को कहा था। राजवीर का आरोप है कि शर्मा देवी डयूटी में लाप. रवाही करती है। जिस कारण मौहल्ले के

**■ रिपोर्ट दर्ज कराने को किसी ने नहीं दी तहरीर**

लोग उससे इसकी शिकायत करते है। जबकि शर्मा देवी का कहना है कि सफाई नायक उनका उत्पीड़न करता है। तथा उनसे अधिक काम लिया जाता है। इसी बात को लेकर बीती रात शर्मा देवी के पति सोनू ने शराब के नशे में सफाई नायक के घर पहुंच गया तथा उसने वहां जमकर हंगामा काटा। उस समय तो किसी ने मामला शांत करा दिया। आज दोपहर की घटना है कि दोनों पक्ष नगर पंचायत कार्यालय में भिड़ गये। जमकर मारपीट हुई। इस बीच सफाई नायक के बेटे कार्यालय पहुंच गये जहां उन्होंने सोनू की जमकर पिटाई कर दी। जिससे नगर पंचायत कार्यालय में हंगामा हो गया। सूचना पर चौकी प्रभारी कमल सिंह यहां पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी की। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में से किसी ने भी रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर नहीं दी। चर्चा है कि नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी बेलगाम हो गये है। वह किसी के आदेशों को नहीं मानते।

# दो पक्षों में मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**नौगावां सादात।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव हादीपुर कलां में ओमप्रकाश और खेम सिंह के परिवार रहते हैं। दोनों परिवारों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। 23 अप्रैल को गाली-गलौज को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों परिवारों के लोगों के बीच मारपीट

**■ थाना क्षेत्र के गांव हादीपुर कलां की घटना**

हो गई। एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। घटना से गांव में अफरातफरी का माहौल बना रहा। इस सम्बंध में सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि ओमप्रकाश की पत्नी कामिनी की तहरीर पर पवन, नरेंद्र उर्फ विक्की, शीला व हरिओम और खेम सिंह की पत्नी शीला की तहरीर पर गुड्डू, बबलू, कामिनी और सुनीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है, उसी के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

# सऊदी अरब में हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के ढकिया चमन निवासी एक युवक की सऊदी अरब में पानी का टैंकर ले जाते समय अनियंत्रित होकर पहाड़ी से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो

**■ डिडौली क्षेत्र के ढ़किया चमन का निवासी था एजाज**

गई। घटना की जानकारी मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ढ़किया चमन गाँव में याकूब अली का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी शायदा चार बेटे व तीन बेटियां हैं। उनके बड़ा बेटा इरशाद अली दो साल से सऊदी अरब के रियाद में नोकरी करता है।



चौथे नंबर का बेटा हाफिज एजाज (22) आठ महीने पहले इमामत के लिए सऊदी अरब के अभाह के लिए गया था। वहां पर उसे इमामत नहीं मिली तो उसने पानी के टैंकर चालक के पद पर नोकरी करनी शुरू कर दी थी। बताते हैं कि 26 अप्रैल को शाम पानी का टैंकर लेकर जाते समय अनियंत्रित होकर पहाड़ी से वाहन 150 फिट गहरी खाई में गिरने से एजाज की मौके पर मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के लोगों ने प्रशासन से युवक के शव को भारत लाने में मदद की गुहार लगाई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध है। ग्राम प्रधान अफरोज जहाँ के पति जियाउल हक ने सरकार से मांग की है, परिवार को आर्थिक सहायता और शव को जल्द से जल्द वापस लाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

# पांच लाख व कार न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की। मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर के मोहल्ला कुरेशी में जमीर अहमद का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी जैनब जमीर की शादी 5 मार्च 2022 को मोहल्ला हक्कानी के अब्दुल कादिर से की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में कार और पांच लाख रुपये की

**■ पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

मांग करते हैं। विवाहिता इसका विरोध करती है तो मारपीट करते हैं। 27 अप्रैल 2025 की रात 8 बजे विवाहिता अपने मायके से ससुराल पहुंची तो मारपीट की। बचाव में आए विवाहिता के पिता को भी पीटा। विवाहिता को जान से मारने की धमकी दी। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में अब्दुल कादिर, बाबर खान, तलत परवीन, नवाज खान, अनम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# बच्चों के विवाद में दंपति को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बच्चों के विवाद के बाद बड़े भी आमने सामने आ गए। एक पक्ष ने दंपत्ति को लाठी डंडो से पीटकर घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के

**■ थाना क्षेत्र के शकूराबाद में हुई घटना**

ग्राम शकूराबाद में नईम पुत्र इसरार के बच्चों का झगड़ा पास के ही रहने वाले दूसरे बच्चों से हो गया। जिसके बाद उन बच्चों के परिजन आ गए और उन्होंने नईम के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, तो नईम की पत्नी नजमा उसे बचाने दौड़ी तो



उन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की गई। नजमा के हाथ में फ्रैक्चर भी हुआ है। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने मेडिकल कराया है।

# जमीन पर कब्जे को वन विभाग से भिड़े ग्रामीण

## सख्ती के चलते नहीं कर सके कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** वन विभाग की जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची टीम के साथ ग्रामीणों की तीखी नोकझोंक हुई। कर्मियों ने भूमाफियों को चेताया कि यदि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बताते चले कि क्षेत्र में भूमाफियाओं ने वन विभाग की सैकड़ों बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। वह इस जमीन पर खेती कर लाभ कमाते है। नया मामला थाना क्षेत्र के गांव छपना का है। यहां के रहने वाले ग्रामीणों ने वन विभाग की जमीन पर कब्जे का प्रयास किया। परन्तु किसी ने मामले की सूचना विभाग को दे दी। जमीन पर कब्जे की शिकायत पर विभाग में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में टीम मौके पर पहुंची तथा भूमाफियाओं को कब्जे से रोका। इस दौरान ग्रामीण टीम में शामिल कर्मियों से भिड़ गये। परन्तु सख्ती के चलते उनकी एक न चली। वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि जिन ग्रामीणों ने कब्जे का प्रयास किया है उन्हें चेतावनी दी गई है कि वह दोबारा ऐसा न करें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी। किसी भी हाल में वन विभाग की जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया जायेगा। जहां कब्जा है उसे चिन्हित कर हटवाया जायेगा।

# गोष्ठी में आम उत्पादकों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एपीडा एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ प्लांट हेल्थ मैनेजमेंट, हैदराबाद द्वारा आम उत्पादकों को जागरूकता करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कृषकों को निर्यात योग्य आम को फल मक्खी से बचाव एवं रोकथाम विषय पर जागरूक किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय मेरठ निदेशक प्रसार डॉ.पीके सिंह एवं नेशनल इंस्टीट्यूट का प्लांट हेल्थ मैनेजमेंट हैदराबाद के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.चंद्रशेखर गुप्ता ने किया। डॉ. पीके सिंह ने कहा कि, आमों में आम फल मक्खी के कारण उनको निर्यातक नहीं

**■ कृषि विज्ञान केन्द्र पर कार्यक्रम आयोजित**





मिलते हैं जिससे किसानों को अपनी फसल का अच्छा मूल्य नहीं मिलता है इसलिए किसान भाई फल मक्खी का प्रकोप होने से पहले ही यदि जागरूक हो जाते हैं तो वह अपने आम उत्पादन को फल मक्खी की प्रकोप से बचा सकते हैं। डॉ.चंद्रशेखर गुप्ता ने आम में फल मक्खी से कैसे बचाव करें, उसका किस तरह से प्रबंध करें एवं कम से कम कीटनाशकों का उपयोग करके फसल को बचाएं, इस पर बिंदूवार चर्चा की। केन्द्र प्रभारी डॉ.एके सिंह ने दोनों अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ.हादी हुसैन खान, डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ.अमित तोमर, डॉ.प्राची पटेल आदि ने भी गोष्ठी को संबोधित किया।

# लग्न की दावत में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**हसनपुर।** लगन की दावत में कपड़ों पर खाना गिरने को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने के कारण भगदड़ मच गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास किये जा रहे थे। नगर के मोहल्ला होली वाला झकड़ी रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में लगन की दावत चल रही थी। रिश्तेदारों एवं मेहमानों की खातिरदारी की जा रही थी। इस दौरान प्लेट का खाना एक मेहमान के कपड़ों पर गिर गया। इसको लेकर मेहमान व पलट लिए हुए युवक के बीच कहा सुनी होने लगी। उनके बीच लात घुसे चलने लगे। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। जिससे कार्यक्रम स्थल में भगदड़ मचने लगी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की मौके पर पहुंच गई। पुलिस कुछ लोगों को पकड़ कर अपने साथ कोतवाली ले आयी। थोड़ी देर के बाद ही कोतवाली में काफी भीड़ जमा हो गई। दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास किया जा रहे थे। वहीं थाना सैदनगली के

**■ दूसरी घटना में बीच बचाव करती महिला घायल**

कस्बा उझारी के शाही चौक निवासी विधवा संजीदा पत्नी जमशेद का कहना है कि उसका छोटा बेटा उसे आये दिन गंदी गंदी गालियां देता है। बीते दिन उसने अपनी बाइक रास्ते में खड़ी कर दी थी। बड़े भाई के मकान में काम चल रहा है। जब उसने मोटरसाइकिल हटाने को कहा तो उसने बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने पर छोटे बेटे ने मां के हाथ में भी छुरी मार दी। जिससे वह घायल हो गई। विधवा संजीदा ने थाना अध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## ढ़ाबे पर कुकर फटने से कारीगर झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के चौपला पर स्थित एक ढ़ाबे पर छोले उबालते समय अचानक कुकर फट गया। हादसे में कारीगर भी झुलस गया। तेज धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग भी दौड़कर पहुंच गए। बता दें कि नगर के चौपला पर स्थित एक ढ़ाबा भीकनपुर छोया निवासी जगुआ कारीगर के रूप में काम करता है। मंगलवार की सुबह वह भट्टी पर कुकर में छोले उबाल रहा था। अचानक कुकर फट गया और गर्म गर्म छोले उड़कर कारीगर के ऊपर गिर गए और वह झुलस गया। आसपास के लोगों की मदद से उसका उपचार कराया गया।

# गुस्साए किसानों ने लाइनमैन को घेरा

## आंधी में गिरे नलकूपों के खंभे अभी तक नहीं किए ठीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगावां सादात।** किसान बिजली न मिलने से बुरी तरह परेशान है। आंधी तूफान में गिरे खंभे को अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। जिससे किसानों की फसलें सूख रही है। आज उन्होंने लाइनमैन का घेराव कर जमकर हंगामा किया।

बताते चले कि 12 दिन पूर्व आये तेज आंधी तूफान के कारण क्षेत्र में कई दर्जन खंभे व पेड़ टूटकर गिर गये थे। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। अभी तक किसानों के टयूबैल को जाने वाली विद्युत लाइन को चालू नही किया गया है। गांव नौगावां तगा, खेड़का, सराय, पृथीपुर, खंडसाल आदि के किसान बिजली न मिलने से परेशान है। वह कई बार अधिकारियों से इसकी शिकायत भी कर चुके है। लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन देकर शांत कर दिया जाता है। हालत यह है कि बिजली न मिलने के कारण किसानों

**■ फसलों को पानी नहीं दे पा रहे किसान**

की फसलें सूख रही है। किसानों का आरोप था कि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की आपूर्ति के पोल तो सही करा दिये लेकिन टयूबैल के खंभे को अभी तक नही लगाया गया है। जिस कारण किसानों को भारी दिक्कत हो रही है। आज किसानों ने हुसैन चौक व खेड़ा के बीच डूडा तालाब के समीप लाइनमैन को रोक लिया तथा खंभे लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से वह इस परेशानी को लेकर विभाग के चक्कर लगा रहे है परन्तु अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप था कि विभाग पैसे लेकर खंभे लगा रहा है। जिन गांवों के किसान पैसे नहीं देते उनके टयूबैल के खंभे अभी तक नहीं खड़े किये गये है। जिससे किसानों की फसलें सूख रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी समस्या को निदान नहीं किया गया तो वह कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। किसानों का यह भी आरोप था कि आंधी तूफान को आये काफी समय हो गया है परन्तु उनकी समस्या अभी भी जस की तस बनी है।



■ नौगांवा सादात।ट्यूबवैल के खम्भे लगाने की मांग को लाइनमैन से नोकझोंक करते किसान।

# भारत विकास परिषद रामपुर के सदस्यों ने पुष्प अर्पण कर दी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

( हरमेश भाटिया )
शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** बुधवार को भारत विकास परिषद रामपुर की मुख्य शाखा, संकल्प शाखा और महिला भारती शाखा के सभी सदस्य गाँधी समाधी पर एकत्र हुए। सदस्य पहलगाम मे हुए अमानवीय आतंकवादी घटना मे शहीद हुए लोगो को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए। मुख्य शाखा के अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने बताया की पहलगांव मे हुए इस घटनाक्रम को लेकर सभी सदस्यो मे रोष है और वो सभी शहीद लोगो के परिवार के साथ है, उन्होंने कहा पूरा देश उनके साथ है। बुधवार को सभी सदस्यो ने शहीद हुए लोगो की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और पुष्प अर्पण किये। संकल्प शाखा के अध्यक्ष सी ए सजल अग्रवाल ने बताया की भारत विकास परिषद के सभी सदस्य ग्रह मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्राचार के माध्यम से अपना रोष व्यक्त करेंगे और अपील करेंगे की जो भी लोग इस घटना के पीछे है चाहे वो देश के अंदर के लोग है या देश के बाहर के सभी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। महिला भारती शाखा




की अध्यक्षा अनीता वैश्य ने कहा गैर कानूनी घुसपेठ पर भी रोक लगनी चाहिए और एक ही बार मे पूरे देश मे अभियान चलाकर घुसपेठियो को बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए. कार्यक्रम मे अनीता वैश्य, रविंद्र गुप्ता, माधव गुप्ता, विनोद कुमार, अर्पित खंडेलवाल, मीनू चावला, शिवानी गुप्ता, गीतिका गुप्ता, पुर्ल. कत अग्रवाल, अतुल गुप्ता, मोहित गुप्ता, प्रशाली अग्रवाल, लगभग 90-95 लोग उपस्तिथ रहे।

## रामपुर में दुकानदार रशीद खां की हार्ट अटैक से मौत

# एक दिन पहले अतिक्रमण में टूटी थी शॉकर की दुकान, परिवार में कोहराम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शहर में दुकानदार रशीद खां की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रशीद खां की एक दिन पहले अतिक्रमण में सिविल लाइंस में शॉकर रिपेयर की दुकान टूटी थी। नगर पालिका प्रशासन ने अवैध दुकानें कोर्ट के आदेश पर तोड़ी हैं। इन्तेकाल से परिवार और सगे संबंधियों में गम और मायूसी है।
जिले के पॉश इलाके सिविल लाइंस में राम रहीम पुल के किनारे की 40 दुकानों पर कल सुबह सोमवार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। नगर पालिका ने इन दुकानों को अतिक्रमण और अवैध बताते हुए जेसीबी चलाई है। दुकानें करीब 50 साल से गन्ना समिति के कार्यालय के बाहर संचालित थीं। नगर पालि.का ने शासन के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इन दुकानों को अतिक्रमण का हिस्सा बताते हुए हटाने का निर्णय लिया था। दुक.ानदारों से खाली करने को कहने पर उन्होंने विरोध शुरू कर दिया था। व्यापारियों ने भी इसका जमकर विरोध किया था, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद दुकानदार



मृतक दुकानदार रशीद खॉ का फाइल फाटो

कोर्ट की शरण में गए थे। पिछले दिनों कोर्ट से नगर पालिका के पक्ष में फैसला आ गया था। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माने और दुक.ानदारों ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की, लेकिन वहां निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा गया। इसपर सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे शहर पालिका 15 जेसीबी लेकर पुलिस बल के साथ मौके पर गई। सुबह से ही दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इससे दुकानदारों में बड़ी मायूसी है। आज थाना गंज के मोहल्ला घेर निहालुद्दीन खां के रहने वाले रशीद खां का इन्तेकाल हो गया। उनके परिजनों ने बताया कि उन्हें हल्की फुल्की बीमारी की शिकायत थी, जिसका वह इलाज करा रहे थे। इस दौरान उनकी देहली शॉकर हाउस रिपेयर नाम से दुकान को भी जमीदोज कर दिया गया। परिजनों शहाब खां और रेहान खां के मुताबिक दुकान टूटने का सदमा वह बर्दाश्त नहीं कर सके, हालांकि परिवार वालों ने अभी कोई शिकायत नहीं की है। परिवार में गम और मायूसी का माहौल है। उनके दो बच्चे हैं।

### इससे पहले भी दुकान टूटने पर दुकानदार का हुआ था इन्तेकाल

इससे पहले इन्हीं दुकानों के पास श्रम विभाग के सामने राधा मोड़ किनारे दुकानें नगर पालिका ने तोड़ी थीं। इसको भी अवैध करार देकर तोड़ा गया था। इसमें भी कुर्बान अली की शॉकर की दुकान थी। इन दुकानों को भी तोड़े जाने पर दुकानदार कुर्बान अली की सदमे से मौत हुई थी। इसको लेकर व्यापारी संगठन ने काफी हंगामा खड़ा किया था। नगर पालिका गेट पर धरना प्रदर्शन किया था।

# अहिच्छत्र में समतापूर्ण हुई आर्यिका 105 दर्शनप्रभा माता की समाधि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार की रात्रि जैन समाज के लिए एक अति अनुमा.ेदनीय क्षण लेकर आई, जब पूज्य 105 आर्यिका दर्शनप्रभा माताजी ने सोमवार की रात्रि 4:05 बजे णमो.कार महामंत्र एवं भक्ति पाठ के मध्य अंतर्मना 108 आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के मार्गदर्शन में समाधि ग्रहण कर ली।
पूज्य माताजी ने अपने इस लक्ष्य की समतापूर्ण प्राप्ति अहिच्छत्र में अपनी प्रवास स्थली पर की।
समाधि के समय प्रवर्तक मुनि 108 सहज सागर महाराज, निर्यापक मुनि 108 नवपदम सागर महाराज, क्षुल्लक अन्वय सागर , क्षुल्लिका वचनप्रभा , व्रतप्रभा , एवं धर्मप्रभा आदि माताजी के निकट उपस्थित



रहीं। उनकी उपस्थिति में माताजी ने समतापूर्ण समाधि प्राप्त की, जो जैन समाज के लिए बड़े ही गौरव की बात है। अंतिम संस्कार डोल यात्रा के माध्यम से की प्रातः 10:30 बजे आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के अनुयायी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। माताजी के अनुयायी और श्रद्धालु उनकी स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। माताजी की शिक्षाओं और उनके जीवन के आदर्शों को स्मरण करते हुए, समाज उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। आचार्य प्रसन्न सागर के मार्गदर्शन में माताजी ने अपना जीवन जैन धर्म की शिक्षाओं के अनुसार व्यतीत किया था। उनकी समाधि जैन समाज के लिए अत्यंत अनुमोदनीय है। सभी धर्मानुरागियों के जीवन में उनकी विरासत और शिक्षाएँ हमेशा जीवित रहेंगी।

# चाऊपुरा-सितारामपुर मार्ग पर निर्माणाधीन आरसीसी में मिली खामियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** चाऊपुरा-सीता रामपुर मार्ग पर निर्माणाधीन रिनफोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट (आरसीसी) सड़क के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर (जेई) द्वारा किए गए निरीक्षण में सड़क निर्माण में कई खामियां पाई गईं, जिसके बाद ठेकेदार और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। जेई की जांच में पाया गया कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। मार्ग के समतल में कमी पाई गई है नगर पालिका जेई उमेश कुमार ने जांच में पाई खामियों को उजागर करते हुए ठेकेदार को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए हैं।



## नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में चार पर कैस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/ रामपुर।** शाहबाद थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले नाबालिग किशोरी के पिता ने उसकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में नामजद चार के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में नाबालिग किशोरी के पिता का आरोप है कि दिनांक 26/04/25 समय करीब 4 बजे सुबह की बात है । उसकी 17 वर्षीय बेटी को पड़ोस में रहने वाला मुस्लिम पुत्र सुलेमान बहला-फुसलाकर भगा ले गया । भगा ले जाने में सुलेमान पुत्र नरूल्ला शाह (पिता) जैहरा पुत्री सुलेमान (बहन), हासिम पुत्र हनिफ का सहयोग रहा है। प्रार्थी ने अपनी बेटी को तलाश किया नहीं मिली। शाहबाद पुलिस ने नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को मोहल्ला कस्सावान थाना शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले 40 वर्षीय वारंटी अकरम पुत्र सद्दीक कुरैशी को उप निरीक्षक आदेश कुमार ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी कांस्टेबल अनुज कुमार के साथ आरोपी वारंटी को वाद सं0 1257/20 धारा 3/5क/8 सीएस एक्ट व 3/11 पशु क्रूरता अधि. न्यायालय ।ब्श्रड-01 रामपुर में नियत दिनांक 29.04. 2025, तथा सम्बन्धित वाद सं0 854/15 मु.अ.सं. 135/15 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट न्यायालय ACJM-01 रामपुर में नियत दिनांक 29.04.2025 को उसके मकान से गिरफ्तार कर विधि कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

( मो.फारूख अंसारी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने नगर में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सोमवार की देर शाम स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल, स्वार क्षेत्र अधिकारी अतुल कुमार पांडे, मसवासी चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला व उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने दलबल के साथ नगर में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पैदल मार्च नगर के मोहल्ला चाउपुरा भूबरा मैंन बाजार मोहल्ला इस्लामनगर चांद मस्जिद समेत कई मोहल्ले में घूम कर पुलिस चौकी वापस हो गया



क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे ने बताया की पैदल मार्च सुरक्षा की दृष्टि से किया गया है और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखना और स्थानीय पुलिस को चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाइकों की टक्कर में पति पत्नी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** शादी समारोह मे बाइक से जारहे पती पत्नी को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनको नगर के अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती कराया है। वहीं बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है दीपू देवल अपनी पत्नी डिंपल देवल के साथ मोटरसाइकिल से शादी समारोह मे जा रहा था कि बिजारखाता मसवासी मार्ग पर मदरसे के के करीब पल्सर बाइक सवार ने दीपू देवल की मोटरसाइकिल मे पीछे जोर दार टक्कर मार दी जिसमे पती पत्नी गंभीर रूप घायल हो गए। टक्कर लगते ही घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जमा होगई सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को नगर के एक प्राइवेट अस्पताल मे भर्ती कराया है।

# रामपुर शहर पालिका के सैनिटरी इंस्पेक्टर ने दिखाई दबंगई

## मीडिया पर भड़के, छीना कैमरा, कहा मीडिया ब्लैकमेलर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शहर में नगर पालिका ने मनमाने तरीके से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। इस दौरान किसी पर जुर्माना तो किसी को माफी दे दी गई। इसपर मीडिया द्वारा सवाल पूछने पर सैनिटरी इंस्पेक्टर भड़क गए। कैमरा छीनते हुए मीडिया को ब्लैकमेलर तक कह दिया। जिले में पिछले कई दिनों से नगर पालिका के इर्द गिर्द ही जबरदस्त अतिक्रमण होने की शिकायतें मिल रहीं हैं। इस पर नगर पालिका अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति कर देती है। आज नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसमें ज्यादातर लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। शाहबाद गेट से लेकर आरिफ सिद्दीकी चौराहे तक अतिक्रमण



हटाया गया। इस दौरान कुछ लोगों का अतिक्रमण छोड़ दिया गया। वहीं नगर पालिका के ईओ की गाड़ी में मौजूद सैनिटरी इंस्पेक्टर अविनाश से जुर्माने के बाबत पूछा गया तो वह भड़क गए। साथ ही कुछ भी जानकारी नहीं देते हुए कैमरा छीनने का प्रयास किया। साथ ही मीडिया को ब्लैक मेलर तक कह डाला। इसके अलावा भी सैनिटरी इंस्पेक्टर अविनाश ने जमकर बदतमीजी की। वहीं इस मामले पर नगर पालिका ईओ से बात करने की कोशिश की तो उनका हमेशा की तरह नंबर नॉट रीचएबल बताता रहा।

# परशुराम जयंती पर बुजुर्गों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** परशुराम जयंती के पावन अवसर पर समाज के प्रेरक स्तम्भ रहे श्रेष्ठ बुजुर्गों को सम्मान देने की भावना के दृष्टिगत नई परम्परा का श्री गणेश करते हुए भारत रत्न गौरव सम्मान से विभूषित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.चन्द्रपकाश शर्मा ने समाजसेवी व भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोदकुमार सक्सेना, श्री ब्राह्मण सभा के नगर अध्यक्ष विवेक शुक्ला के साथ वयोवृद्ध व समाज में श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रख्यात 90 वर्षीय वैद्य मनोहर लाल शर्मा के आवास जाकर उनका माल्यार्पण कर,शाल उढ़ाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत व अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा ने कहा कि हमें अपने पर्व व त्यौहारों पर समाजसेवी,किसी क्षेत्र में प्रख्यात अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए, उनके समाजोपयोगी कार्यों को जानकर उसकी प्रशंसा करनी चाहिए और उनके विचारों व कार्यों को आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए । साहित्यकार डॉ.शर्मा ने कहा कि वैद्य जी द्वारा किये गये कार्य अविस्मरणीय व



अद्‌भुत हैं। उन्होंने श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए विशुद्ध व उत्कृष्ट रामलीला का मंचन मिलक में प्रारम्भ किया जिस प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के वे आज भी संरक्षक हैं।वैद्य जी ने भारतीय संस्कृति की पुनर्जागरण हेतु सत्संग समिति की स्थापना की जिसके माध्यम से हर सप्ताह भजन, कीर्तन, सत्संग के साथ नाटकों के मंचन मिलक में प्रारम्भ हुआ। आप विभिन्न समाचार-पत्रों -अमर उजाला, दैनिक जागरण, पंजाब केसरी व विश्व मानव के निष्पक्ष ईमानदार पत्रकार रहे हैं।रौंदा खुर्द में शिक्षा जगत के प्रेरणास्रोत पं.मदन मोहन मालवीय की मूर्ति की स्थापना, मालवीय पार्क का नामकरण आपके सद्‌प्रयासों व प्रेरणा का परिणाम है। आप ब्राह्मण सभा के संस्थापक सदस्य व संरक्षक भी हैं। इस मौके पर विकास कुमार सक्सेना, पूर्व सभासद कौशल सक्सेना, राजेन्द्र सक्सेना, राजू,विजय चित्रांशी,पवन राणा भी मौजूद रहे।

# वन विभाग की सांठगांठ से हो रहा है प्रतिबंधित पेड़ों का कटान



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** वन विभाग की मिली भगत से प्रतिबंधित पेड़ों का कटान धड़ल्ले किया जा रहा है। जिसके चलते लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है और वह लगातार प्रतिबंधित पेड़ों का कटान कर रहे हैं। नगर सहित क्षेत्र मे हरे भरे पेड़ों का कटान लगातार जारी है आए दिन मार्गों के किनारे खड़े शीशम,सागोन सहित अन्य प्रति.बंधित पेड़ों को काटा जा रहा है जिसे रोकने में वन विभाग नाकाम साबित दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के गांव लौहरा इनायतगंज को जाने वाले मार्ग पर खेत में खड़े तीन शीशम के पेड़ों को सनीवार की रात काट दिया गया सूचना के बाद भी वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे साफ जाहिर होता है लकड़ी काटने वालों के तार वन विभाग से मिले हुए हैं इसके कारण सूचना के बाद भी वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जिसके चलते मार्गो पर खड़े प्रतिबंधित पेड़ों का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है वहीं वन दरोगा शील कुमार ने बताया कि शीशम के पेड़ काटे जाने की उन्हे कोई सूचना ही नही है।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में तीन पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मित्तरपुर की रहने वाली नतिया पत्नि जाहिद खां बिना वजह उसके भांजे के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी के आरोप में थाना शाहबाद में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है उसका आरोप है कि मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे की बात है। उसका भांजा शमीम पुत्र तस्लीम निवासी भूलावयी थाना वनियाठेर जिला संभल मेरे घर से दिल्ली जा रहा था । जैसे ही गांव के अड्डे पर पहुच कर रोड बस का ईन्तेजार कर रहा था । तभी वारिश पुत्र ताहिर खां निवासी मित्तरपुर थाना शाहबाद आया । और विना बात की कहने लगा तूने मुझे क्यों गौर से देखा इसी बात को लेकर मेरे भांजे शमीम को वारिश पुत्र ताहिर खां व फारूख पुत्र हनीफ खां उर्फ कल्लू , आरिश पुत्र ताहिर निवासी ग्राम मित्तरपुर थाना शाहबाद जिला रामपुर ने गन्दी 2 गालियां दी और लाठी डन्डों व लात-गूसों से मारा पीटा । और जान से मारने की धमकी दी । नतिया की तारीख के आधार पर पुलिस ने तीन के खिलाफ नाम जब रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

# अनियंत्रित होकर बाइक खंभे से टकराई बाइक, दो घायल, रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को अनियंत्रित होकर बाइक खंभे से टकरा गई बाइक सवार तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस के जारी फाइल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाबाद लाया गया ।दो घायलों की हालत नाजुक होने पर उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मंगलवार को ग्राम भूड़ा थाना सिरौली जिला बरेली के रहने वाले 40 वर्षीय चरण सिंह व 60 वर्षीय खुशीराम पुत्र बांके सिंह और ग्राम शहवाजपुर सम्भल के रहने वाले 45 वर्षीय दिनेश पुत्र नत्थू जो कि चरण सिंह और खुशीराम को उनके घर छोड़ने आ रहे थे। बताया जा रहा है कि चरण सिंह और खुशीराम अपने ममेरे भाई के यहां सोमवार को शादी में गए हुए थे। मंगलवार को तीनों लोग वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौटकर शाहबाद होते हुए अपने घर वापस जा रहे थे कि शाहबाद और सम्भल बॉर्डर पर बाइक चालक को अचानक नींद आ गई जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई जिससे तीनों को गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया पहुंची जहां चिकित्सकों ने चरण सिंह और दिनेश वापसी व खुशी राम को प्राथमिक उपचार दिया। वहीं चरण सिंह और दिनेश की हालत नाजुक होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। खुशीराम को प्राथमिक उपचार देकर उसके घर वापस भेज दिया गया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.9720093014



# वैभव सूर्यवंशी की रॉयल पारी ने बनाया कीर्तिमान

● राजस्थान रॉयल्स ने टी-20 में सबसे तेजी से चेज किया 200+ रन का लक्ष्य, प्लेऑफ की आस बरकरार

**जयपुर, वार्ता।** किशोर बिहारी क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के 47वें मैच में गुजरात ने शुभमन गिल और जोस बटलर के अर्द्धशतकों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट खोकर 209 रन बनाए।

जवाब में राजस्थान ने 15.5 में दो विकेट खोकर 212 रन बनाए और 25 गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ राजस्थान ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को भी बरकरार रखा है। राजस्थान ने इस मुकाबले को जीतने के साथ-साथ बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। टीम ने टी-20 में सबसे तेजी से हासिल किया 200+ का लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान अंक तालिका में एक स्थान की छलांग लगाकर आठवें पायदान पर आ गई। उनके खाते में छह अंक हो गए और नेट रन रेट -0.349 का हो गया है। वहीं, गुजरात एक स्थान खिसक कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई को गुजरात की हार से तगड़ा फायदा हुआ है। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम अंक तालि. का में बेहतर नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई। वहीं, आरसीबी 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुजरात ने राजस्थान के सामने जीत के लिए 210 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन वैभव और यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान को तेज शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को प्रसि( कृष्णा ने वैभव को आउट कर तोड़ा। यह राजस्थान के लिए किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। वैभव और यशस्वी ने इस मामले में जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल को पीछे छोड़ा जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2022 में 155 रनों की साझेदारी की थी। वैभव ने गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्के लगाए जो आईपीएल 2025 में किसी बल्लेबाज का एक पारी में सर्वाधिक छक्के हैं। वैभव ने इस मामले में सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ा जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 छक्के लगाए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जिन्होंने गुजरात के खिलाफ नौ छक्के लगाए थे। वैभव की उम्र 14 साल 32 दिन है, लेकिन उन्होंने यूसुफ पठान का 15 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। 2010 में यूसुफ पठान ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाया था और वह इस टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय थे। उनका यह रिकॉर्ड अब 2025 में टूटा है। यानी वैभव का जब जन्म भी नहीं हुआ था, उस वक्त यूसुफ ने यह कारनामा किया था और अब बिहार के इस युवा बल्लेबाज ने अपनी उम्र से भी ज्यादा का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ओवरआल आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ 30 गेंदों पर शतक लगाया था। वैभव टी-20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में यह कारनामा किया। वैभव ने महाराष्ट्र के विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 18 साल 118 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाया था। विजय ने 2013 में टी-20 में शतक लगाया था। वैभव ने गुजरात के खिलाफ 17 गेंदों पर अ(शतक पूरा किया और फिर शतक पूरा करने के लिए अगले 18 गेंद लिए। वैभव शतकीय पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने महज 38 गेंदों में 265.78 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 101 रनों की पारी खेली। वैभव के शतक के बाद यशस्वी जायसवाल ने भी अपना अ(शतक पूरा किया। उन्होंने 31 गेंदों में इस सत्र का पांचवां और करियर का 14वां अ(शतक पूरा किया। वह 40 गेंदों में 70 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रियान पराग 32' रन बनाए। उनके अलावा नीतीश राणा ने चार रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए प्रसि( कृष्णा और राशिद खान ने एक-एक विकेट हासिल किया। इससे पहले, शुभमन गिल और जोस बटलर की अ(शतकीय साझेदारियों के दम पर गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रायल्स के सामने 210 रन का लक्ष्य रखा। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 209 रन बनाए। सवाई मान. सिंह स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में किसी टीम के द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे बड़ा टोटल है। उनके लिए कप्तान गिल ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए महीश तीक्षणा ने दो जबकि जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा को एक-एक विकेट मिला। साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 62 गेंदों में 93 रन की साझेदारी हुई। महीश तीक्षणा ने सुदर्शन को अपना शिकार बनाया। वह 30 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गिल को जोस बटलर का साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 38 गेंदों में 74 रन जोड़े। कप्तान गिल 50 गेंदों में 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 29 गेंदों में सत्र का चौथा अ(शतक जड़ा। यह उनके आईपीएल करियर का 24वां पचासा भी है। उन्हें भी तीक्षणा ने ही अपना शिकार बनाया। बटलर 50 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उनके बल्ले से तीन चौके और चार छक्के निकले। इसी के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज बटलर इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गए। उनके नाम 819' रन दर्ज हो गए हैं। इस मैच में राहुल तेवतिया नौ रन बनाकर आउट हुए जबकि शाहरुख खान पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए आम बात: वैभव

■ बिहार के किशोर खिलाड़ी ने 35 गेंद पर शतक लगाकर आईपीएल में कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए

जयपुर, वार्ता। आईपीएल 2025 में सोमवार को राजस्थान रायल्स के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने पूरी दुनिया को अपना कायल बना दिया। बिहार के इस खिलाड़ी ने 35 गेंद पर शतक लगाकर कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए। उन्होंने 38 गेंदों में 11 छक्कों और सात चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेलकर टी20 क्रिकेट में अब तक के सबसे कम उम्र के शतकवीर बनकर आईपीएल में धूम मचा दी। अब पूरा क्रिकेट जगत उनके साहसी स्ट्रोकप्ले का कायल हो गया है। हालांकि, वैभव का कहना है कि पहली गेंद पर छक्का लगाना उनके लिए आम बात है। वैभव ने कहा कि गंभीर परिस्थितियों का उन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है। वैभव का यह आईपीएल में केवल तीसरा मैच था। उन्होंने लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ आईपीएल में अपने पहले मैच में 20 गेंद पर 34 रन बनाए थे और अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर छक्का लगाया था। वैभव ने यह छक्का शार्दुल ठाकुर की गेंद पर लगाया था। वहीं, शतक पूरा करने के लिए वैभव ने अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की गेंद पर छक्का लगाया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद वैभव ने आईपीएल टी20 वेबसाइट से बात करते हुए कहा, श्यह मेरे लिए सामान्य बात थी। मैं भारत के लिए अंडर-19 और घरेलू स्तर पर भी खेला हूं। वहां भी मैंने पहली गेंद पर छक्के लगाए हैं। मुझ पर पहली 10 गेंदों को खेलने का दबाव नहीं था। मेरे दिमाग में स्पष्ट था कि

## आईपीएल में वैभव के इतिहास रचने पर बिहार के समस्तीपुर में जश्न का माहौल

**समस्तीपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में वैभव सूर्यवंशी के इतिहास रचने पर जश्न का माहौल है। आईपीएल 2025 में कल रात खेले गए मैच में बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर के लाल वैभव सूर्यवंशी द्वारा सिर्फ 35 गेंदों में सबसे तेज़ शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाने पर समस्तीपुर में लोगों ने पटाखा छोड़कर खुशी का इजहार किया।

जयपुर मे कल रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की ओर से वैभव सूर्यवंशी ने शानदार पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में शतक बनाकर विश्व मे दूसरा और भारत में पहला खिलाड़ी बनने का इतिहास रचा। इधर वैभव द्वारा शतक लगाने की खबर मिलते ही समस्तीपुर में क्रिकेट खेलाड़ियों एवं स्थानीय लोगों ने पटाखा छोड़कर जश्न मनाया।समस्तीपुर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक व वैभव के बचपन के कोच ब्रजेश झा और स्थानीय राष्ट्रीय जनता दलविधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए वैभव को बधाई दी और कहा कि 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में सबसे तेज भारतीय शतक बनाकर वैभव ने बिहार का नाम विश्व स्तर रौशन किया।

### नीतीश ने वैभव को दी बधाई



**पटना, वार्ता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के इतिहास में सबसे कम उम्र महज 14 साल में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाघी बिहार के समस्तीपुर जिले के वैभव सूर्यवंशी को फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री कुमार ने मंगलवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वैभव सूर्यवंशी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उनपर गर्व है। मेरी शुभकामना है कि श्री वैभव सूर्यवंशी भविष्य में भारतीय टीम के लिए नये कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री ने श्री वैभव सूर्यवंशी से दूरभाष पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्री सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री से 12 दिसम्बर 2024 को यहां एक, अणे मार्ग में मुलाकात की थी तथा मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी।

## ईपीएल ने भारत में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की

**मुम्बई, वार्ता।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने मंगलवार को मुम्बई में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह कार्यालय स्थानीय प्रशंसक, सहयोगियों के साथ संपर्क बढ़ाने, भारत में फुटबॉल को बढावा देने और लीग तथा उसके क्लबों की निरंतर विकास का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा कि हम और हमारे क्लब भारत में एक शानदार और जानकारी प्रशंसक बेस रखते हैं और हम जानते हैं कि फुटबॉल की ख्याति लगातार बढ़ रही है। हम भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस करते हैं, जहां हम पिछले 18 वर्षों से सुमदायिक फुटबॉल कार्यक्रम चला रहे हैं और हाल ही में इंडियन सुपर लीग के साथ साझेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय का उद्घाटन प्रीमियर लीग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें स्थानीय स्तर पर और अधिक असरदार तरीके से काम करने में मदद करेगा, जिससे हम प्रशंसक, जियोस्टार और अन्य साझेदारों के साथ अपने रिलेशनशिप को और मजबूत कर सकेंगे। हम इस क्षेत्र में इससे उत्पन्न होने वाले अवसर को लेकर उत्साहित हैं। प्रीमियर लीग भारत में फुटबॉल समुदाय के साथ लंबे समय से काम कर रही है। जमीनी स्तर पर, लीग ने 2007 से ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में प्रीमियर कौशल कार्यक्रम के माध्यम से समुदायिक फुटबॉल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने में मदद की है। पिछले 18 वर्षों में, यह कार्यक्रम 18 से अधिक भारतीय राज्यों में संचालित किया गया है, जिसमें 7,300 से अधिक कोच, रेफरी और एजुकेटर्स को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे एक लाख 24 हजार से अधिक युवाओं को लाभ मिला है। उच्च स्तरीय फुटबॉल में, प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के साथ मिलकर काम कर रही है। भारत में नया कार्यालय प्रीमियर लीग के अंतर्राष्ट्रीय विस्तार का हिस्सा है। इससे पहले वर्ष 2019 में लीग ने सिंगापुर में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय खोला था।

खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम ने द. अफ्रीका को 15 रनों से हराया

**कोलंबो, वार्ता।** तेजमिन ब्रिट्स (102) की शतक गया बेकार, प्रतिका रावल (78), कप्तान जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 41) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (पांच विकेट) और दमदार क्षेत्ररक्षण की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफीका को 15 रनों से हरा दिया। 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेज. मिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड 140 रनों की साझेदारी की। 28वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने लॉरा वुलफार्ट (43) को पगबाधा आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा ने लारा गुडॉल (नौ) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। काराबो मेसो (आठ) को अरुंधति रेड्डी ने बोल्ड आउट किया। सुने लूस और क्लोई ट्राइऑन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 41वें ओवर से पहले दक्षिण अफीका की टीम मैच पर अपनी पकड़ बनाये हुए थे और जीत की ओर अग्रसर थी। ऐसे समय में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 42वें ओवर में श्री चरणी ने सुने लूस (28) को आउटकर भारत के चौथा विकेट झटका। इसके बाद स्नेह राणा ने क्लोई ट्राइऑन (18), एन डर्कसन (30) और नडीन डी क्लर्क (शून्य) को आउटकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। एम क्लास और म्लाबा रनआउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने 49-2 ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 261 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 15 रनों से जीत लिया। भारत की ओर स्नेह राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। अरुंधति रेड्डी, श्री चारणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय वायुसेना की हॉकी टीम ने उदघाटन मैच जीता

■ टूर्नामेंट में शीर्ष हॉकी टीमों को अपना कौशल दिखाने का मिलेगा मौका

**चंडीगढ़, वार्ता।** मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 का छठा संस्करण मंगलवार को रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम, 3 बीआरडी एयरफोर्स स्टेशन चंडीगढ़ में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। यह टूर्नामेंट वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह डीएफसी की 106वीं जयंती मनाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। एयर मार्शल विजय कुमार गर्ग, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मेंटेनेंस कमांड, समारोह के दौरान मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा की। एयर मार्शल गर्ग ने कहा कि यह आयोजन मार्शल अर्जन सिंह की विरासत और राष्ट्र के लिए उनके योगदान को एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

टूर्नामेंट के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि यह शीर्ष हॉकी टीमों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारतीय वायु सेना टूर्नामेंट का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेगी। उद्घाटन मैच भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के बीच खेला गया, जिसमें आईएएफ टीम 5-1 के स्कोर के साथ विजयी हुई।

भारतीय वायु सेना टीम के अग्निवीरवायु सुखनाथ गुरिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और उन्हें मुख्य अतिथि से 10,000 रुपये का चेक मिला। समारोह के दौरान, प्रमुख अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें तेलजदर सिंह, एमडब्ल्यूओ सतवीर, जेडब्ल्यूओ कुलदीप सिंह (सेवानिवृत्त), और सार्जेंट देवेश (सेवानिवृत्त) शामिल थे। एयर कमोडोर राजीव श्रीवास्तव, एओसी 3बीआरडी तथा ग्रुप कैप्टन मनप्रीत सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी 3बीआरडी चंडीगढ़ भी इस समारोह में शामिल हुए। के वी 3 बीआरडी एयर फोर्स तथा के वी-31स्कूल के छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

● प्लेऑफ की उम्मीद धूमिल, सात मैच हारे

## पंजाब के खिलाफ शाख बचाने उतरेगी चेन्नई

**चेन्नई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पिछले नौ में से सात मैच हार चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में शाख बचाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीम पंजाब जीत की लय हासिल करने के लिए खेलेगी। वहीं दिग्गज एम एस धोनी की अगुआई वाली सीएसके अभी भी जीत की जादुई लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है।

कुछ दिन पहले इसी मैदान पर चेन्नई को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले मुकाबले में मौसम की मार के कारण एक अंक हासिल करने वाली पंजाब किंग्स जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीमों द्वारा सीएसके के गढ़ में सेंध लगने के कारण चेन्नई को मिली लगातार हार के बाद उनके प्लेऑफ की संभावनाएँ धूमिल लग रही है। सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे होने के कारण उसके लिए क्वालीफाइंग चरणों में जगह बनाने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। जबकि नौ मैचों में 11 अंकों के साथ पंजाब नॉकआउट बर्थ के लिए अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी। पंजाब किंग्स का पिछला मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से सीएसके के लिए अपनी स्थिति सुधारने की बहुत कम उम्मीद बची है क्योंकि उसे अपने शेष सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे और यह भी उम्मीद करनी होगी कि तालिका में शीर्ष टीमें अपने शेष मैच हार जाएं जिससे प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण बन जाए।

■ चेन्नई सुपर किंग्स को अपने शेष सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे

चेन्नई ने शीर्ष क्रम से लेकर अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए कई तरकीब आजमाए। चेन्नई को अपना संतुलन ठीक करने की आवश्यकता है। जबकि पंजाब आत्मविश्वास से लबरेज हैं। अब तक पारंपरिक स्पिनरों की मदद करने वाली चिन्नास्वामी की पिच तेज गेंदबाजों के अनुक. ूल साबित हो सकती है। जिससे चेन्नई अपनी किस्मत बदल सकता है। यदि पिच अपनी परंपरा के अनुसार व्यवहार करती है, तो धोनी स्पिन आक्रमण को मजबूत करने के लिए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ साझेदार ऑफ स्पिनर अश्विन को ला सकते हैं। वहीं खलील अहमद और मुकेश चौधरी की अगुआई वाले तेज गेंदबाजों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, बल्कि अंशुल कंबोज स्लिंगर मथीशा पथिराना के साथ समर्थन प्रदान करेंगे। एसआरएच के साथ अपने पिछले मुकाबले में थोड़े समय के लिए, लेकिन शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर म्हात्रे चेन्नई के साथ बने रहेंगे। शेख रशीद के साथ जोड़ी बनाने रचिन रवींद्र को शीर्ष पर वापस लाने के लिए डेवोन कॉनवे की वापसी से इंकार नहीं किया। आगामी मैच में घरेलू टीम को जिस मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्वकता है, वह है बिना विकेट खोए पावर प्ले में अधिकतम रन बनाना, जो इस सीजन में उसके लिए अभिशाप साबित हुआ। दूसरी ओर, पंजाब के पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य जैसी आक्रामक सलामी जोड़ी है और कप्तान श्रेयस अय्यर, जॉश इंग्लिस, नेहल वढेरा और विष्णु विनोद के साथ मिलकर टीम को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई मार्कस स्टोइनिस भी बल्लेबाजी क्रम में हैं। पंजाब के पास मार्को जेनसन, हरप्रीत बरार और ए-ओमराजई जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं।

## कोलकाता ने दिल्ली को 205 का लक्ष्य दिया



अंगकृष ने 44 और रिंकु ने 36 रनों की पारी खेली

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंगकृष रघुवंशी (44), रिंकू सिंह (36), अलजक्य रहाणे और रहमानउल्लाह गुरबाज (26-26) तथा सुनील नारायण (27) रनों की पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 48वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 205 रनों का लक्ष्य दिया। यहां दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबा. जी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की रहमानउल्लाह गुरबाज और सुनील नारायण की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। तीसरे ओवर में मिचेल स्टार्क ने रहमानउल्लाह गुरबाज 12 गेंदों में 26 रन को आउटकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद सातवें ओवर में विप्रज निगम ने सुनील नारायण 16 गेंदों में (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अलजक्य रहाणे के रूप में कोलकाता का तीसरा विकेट गिरा। उन्हें अक्षर पटेल ने पगबाधा आउट किया। अक्षर पटेल का अगला शिकार वेंकटेश अय्यर (सात) बने। इसके बाद अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह ने पारी को संभाला। 17वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने कोलकाता को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे अंगकृष रघुवंशी को आउटकर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। अंगकृष रघुवंशी ने 32 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (44)रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में विप्रज निगम ने रिंकू सिंह को आउटकर कोलकाता को छठा झटका दिया। रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (36) रन बनाये। आखिरी ओवर में कोलकाता ने अपने तीन विकेट गवांये। रोवमन पॉवेल (पांच) रन बनाकर आउट हुये। अनुकूल रॉय (शून्य) पर बाउंड्री पर लपके गए। आंद्रे रसल (17) रनआउट हुए।

## बांगलादेश ने जिम्बाब्वे को 227 रनों पर समेटा

चटगांव, वार्ता। तैजुल इस्लाम (छह विकेट) और नईम हसन (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज सुबह के सत्र में जिम्बाब्वे की पारी को 227 रन के स्कोर पर समेट दिया। जिम्बाब्वे ने कल के नौ विकेट पर 225 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जिम्बाब्वे ने आज अभी स्कोर में दो रन का इजाफा किया था कि तैजुल इस्लाम ने ब्लेसिंग मुजारबानी को विकेटकीपर जाकेर अली के हाथों कैच आउट कराकर उसकी पारी को 227 रनों के स्कोर पर अंत कर दिया। बांगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 27-1 ओवर में 60 रन देकर छह विकेट लिये। नईम हसन ने 20 ओवर में 42 रन देकर दो विकेट झटके।



# सम्पादकीय

बुधवार, 30 अप्रैल 2025

## बैठकों का दौर

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जहां देश में जबरदस्त आक्रोश है वही सरकार भी बराबर मंथन कर रही है कि इस घटना के दोषियों के साथ–साथ उन लोगों पर भी कड़ा प्रहार किया जाए। जो पर्दे के पीछे से आतंकियों की मदद करते है। जाहिर है वह हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। जो आतंकियों की शरणस्थली बना हुआ है। वह उन्हें हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराता है। यही कारण है कि भारत के लोग अपनी सरकार पर बराबर यह दबाव बना रहे है कि वह पाकिस्तान के साथ इस तरह पेश आए। जो एक नजीर का काम करेगा। यूं तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी देश को आश्वस्त कर रहे है और कह रहे है कि आतंकियों के आकाओं को इस तरह का सबक सिखाया जाएगा। जो दुनिया के सामने एक बड़ा उदाहरण बनेगा। सरकार की सक्रियता इस बात से देखी जा ही रही है कि उसने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े कदम उठाएं है। जिन में सबसे बड़ा कदम सिंधु नदी के जल को रोकना भी शामिल है। साथ ही तमाम बैठकों का भी दौर जारी है। मंगलवार को भी गृह मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई। जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उसके बाद बुधवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केबिनेट बैठक होने जा रही है। पहलगाम हमले के बाद जो पहली बैठक होगी। जाहिर है इससे पता चलता है कि सरकार में इस बात पर लगातार मंथन चल रहा है कि वह कार्यवाही किस तरह कि जाए जो पाकिस्तान के लिए एक सबक साबित हो। इस बीच विपक्ष ने भी विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग रखी है कि इस समय संसद का विशेष सर्त बुलाया जाए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर यह मांग की है। सोमवार को लिखे अलग–अलग पत्रों में कहा गया। क्योंकि यह समय देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है और संसद सर्त को बुलाकर वहां से यह संदेश दुनिया व पाकिस्तान को कड़ाई के साथ देना चाहिए कि भारत आतंकवादी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। इसमें कोई दौराए नहीं कि यह समय देश के सामने बेहद कठिन है और किसी भी कठिन स्थिति से पार पाने के लिए समाज में एकजुटता बेहद जरूरी होती है। इस लिए जरूरी हो जाता है कि वह तमाम कदम उठाने चाहिए जो हमारे सामाजिक ताने–बाने को मजबूत करे। ऐसी किसी भी गतिविधि से बचना चाहिए जो हमारे ताने–बाने को कमजोर करती है यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि दुर्भाग्य से कुछ घटनाएं ऐसी हुई है। जो हमारे सामाजिक ताने–बाने को कमजोर करती है। ऐसे समय में जब सारा देश एकजुट है तो कुछ शरारती तत्व पहलगाम की घटना को सामप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे है। जो ठीक नहीं है। सरकार को केवल उन्हीं लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए जो उसकी आलोचना कर रहे है।

## कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे



देशभर के कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं, जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है, गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते, इसके अलावा, सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए, शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**
**पूर्व सीएम, जम्मू–कश्मीर**

# पहलगाम के खून की छींटें नेपाल तक

## नेपाल को है पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा होने की उम्मीद





यशोदा श्रीवास्तव

पहलगाम की घटना से नेपाल में भी गम और गुस्सा का माहौल है। तमाम कारणों से नेपाल की मौजूदा हुकूमत की भारत से नाइत्तफाकी के बावजूद वह चाहता है कि इस बार भारत की ओर से पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा हो। इस वजह से नहीं कि पहलगाम में उसके भी एक नागरिक सुदीप न्योपाने की हत्या हुई, बल्कि इस वजह से कि नेपाल भी एक टूरिस्ट कंट्री है और उसे इस बात का भय सताने लगा है कि कहीं पाक आतंकियों का रुख इधर हो गया तो वह बर्बाद हो जाएगा। टूरिस्टों ने आना जाना बंद कर दिया तो वहां का व्यापार डूब जाएगा और भुखमरी की नौबत आ जाएगी। भारतीय टूरिस्टों का बड़ा हब नेपाल की खूबसूरत वादियां भी है।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर बाबू राम भट्टाराई ने दिल्ली में खुले शब्दों में कहा कि पहलगाम घटना के खिलाफ भारत जो भी कार्रवाई करेगा, नेपाल उसके साथ खड़ा है। यह केवल एक पूर्व प्रधानमंत्री की अभिव्यक्ति नहीं है। इसे नेपाल की मंशा माना जाना चाहिए। भारत में नेपाल के राजदूत रहे दीप कुमार उपाध्याय ने कहा पाकिस्तान भारत सरकार की दरियादिली को कमजोरी समझने की भूल न करें। 1971 में भारत द्वारा दिया गया घाव उसे भूलना नहीं चाहिए। आज भारत में उस वक्त से मजबूत सरकार है।

एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पहलगाम पर अटैक कर पाकिस्तान अपने वजूद की समाप्ति के लिए भारत को उकसा रहा है। नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कहा कि पाकिस्तान खुलकर सामने न आकर भाड़े के टट्टुओं से निर्दोषों की हत्या करवाकर बड़ी भूल कर रहा है। उसे पहलगाम की घटना की बड़ी क़ीमत चुकानी होगी।

नेपाल के इस्लामिक विद्वान डाक्टर अब्दुल गनी अलकूफी और राष्ट्रीय मदरसा संघ के महासचिव मौलाना मशहूद खां ने पहलगाम की घटना की निंदा की है और कहा है कि निर्दोषों का कत्ल कर पाकिस्तान अपनी तबाही की इबारत लिख रहा है। उम्मीद जताई कि आने वाले कुछ ही दिनों में उसे इसकी कल्पना से भी बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ेगी। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के केंद्रीय सदस्य दीपक राजौरिया ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर हंसते खेलते पर्यटकों को निशाना बनाना पाकिस्तान की क्रूरता की पराकाष्ठा है।

नेपाल जनता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री हृदयेश त्रिपाठी और महासचिव पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा ने कहा कि पाकिस्तान को अब आतंकी देश घोषित करने का वक्त आ गया है। उसके प्रोडक्ट का बहिष्कार कर उसे आर्थिक रूप से कमजोर करने की जरूरत है। दोनों नेताओं ने कहा कि हो सकता है पाक द्वारा भारत पर हमला किसी को अच्छा लगता हो लेकिन वह यह न भूलें कि अगला नंबर उसका भी हो सकता है।

**1999** में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरे जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था, इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए, मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा...

हृदयेश त्रिपाठी ने कहा कि भारत में नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो वसुधैव कुटुंबकम् की नीति पर चलकर सर्व धर्म समभाव की बात करता है, स्वयं नेपाल जाकर वहां के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को जन्मदिन की मुबारकबाद देता है और बदले में पाकिस्तान कभी पूलवामा तो कभी पठान कोट और कभी पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाएं देता है। उन्होंने कहा पाकिस्तान के लिए यह अच्छा अवसर था जब वह भारत से पुराने बैर भाव भुलाकर मधुर संबंध स्थापित कर सकता था लेकिन कहावत है की कुत्ते की पूंछ कहां सीधी होती है। उन्होंने कहा हम सब उम्मीद करते हैं कि इस बार उसे जरूर ऐसी सजा मिले कि उसकी पीढ़ियां याद करें। पहलगाम में मारे गए 27 निर्दोषों के खून के छींटें नेपाल तक भी पहुंचा है। बुटवल के युवा व्यवसाई सुदीप न्योपाने अपनी बहन बहनोई और मां के साथ पहलगाम घूमने गए थे। सुदीप वहां आतंकियों की गोली का शिकार हो गए। जिस रोज परिजनों द्वारा उनका शव नेपाल लाया गया उस रोज नेपाल बार्डर पर हजारों नेपाली लोग इकट्ठा थे। सबके सब पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगा रहे थे। और सबकी एक स्वर से मांग की थी भारत पाकिस्तान को सबक सिखाए, पूरा नेपाल उसके साथ है।

पहलगाम की घटना के बाद नेपाल का गुस्सा इसलिए मायने रखता है क्योंकि नेपाल की धरती का इस्तेमाल पाक खूफिया और आतंकी संगठन करते रहते हैं। किसी जमाने में जाली भारतीय मुद्रा के भंडारण का बड़ा केंद्र काठमांडू हुआ करता था जहां से उसके एजेंट नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजारों तक पहुंचाते थे। 1999 में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरी जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था। इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा। कराची में शरण लिए दाउद इब्राहिम का अभी भी यहां बड़ा नेटवर्क है। दरअसल पहलगाम की घटना से नेपाल की चिंता अपना प्रयटन उद्योग बचाने की है। नेपाल के कुल आर्थिक स्रोत का बड़ा हिस्सा प्रयटन उद्योग से हासिल होता है और टूरिस्टों में भी बाकी देशों के मुकाबले भारत की बड़ी भागीदारी होती है। यहां टूरिस्टों के सुरक्षा के बेहतर इंतजाम भी नहीं रहते और न ही खूफिया पहरा होता है। पहलगाम की घटना से नेपाल का डर इस बात को लेकर है कि कहीं नेपाल की धरती पर भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाया गया तो उसकी तो कमर ही टूट जाएगी। चूंकि पाकिस्तान का आपराधिक दिमाग कहीं भी कुछ भी कर सकता है। वक्त आ गया जब इसका फन उठने के पहले ही कुचल दिया जाए।

**अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है मांगलिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है, मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है, यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है, सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं, पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है, इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है**

# बिना मुहूर्त निकलवाएं कोई भी शुभ कार्य करने का दिन है अक्षय तृतीया



योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' पर्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम पांच बजकर 31 मिनट पर हो रही है, जो 30 अप्रैल की दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए अक्षय तृतीया की पूजा और खरीदारी करना 30 अप्रैल को ही सबसे शुभ है। अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रात: पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है। मांग. लिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है। यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है। सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं।

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग बिना पंचांग देखे



अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा–पाठ, घर, भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इसी तृतीया तिथि को माता पार्वती ने अमोघ फल देने की सामर्थ्य का आशीर्वाद दिया था, जिसके प्रभाव से अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता। पुराणों के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान, दान, जप व स्वाध्याय करना शुभ फलदायी होता है। भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के तीन अवतारों, नर–नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत से शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी पूजा करने से धन वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो बहुत खास है। इसके अतिरिक्त, जो अन्य शुभ योग बनने वाले हैं, उनमें शोभन योग दोपहर 12 बजकर दो मिनट तक रहेगा। रवि योग शाम को चार बजकर 18 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहने वाला है। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया तिथि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुख प्रदान करने वाली मानी गई है। विभिन्न शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हवन, जप, दान, स्वाध्याय, तर्पण इत्यादि जो भी कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं। मान्यता है कि द्वापर युग इसी तिथि को समाप्त

**भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था**

हुआ था, जबकि त्रेता, सतयुग और कलियुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था, इसीलिए इसे 'कृतयुगादि तृतीया' भी कहा जाता है। भारत में कई स्थानों पर अक्षय तृतीया को 'आखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती मानी गई हैं और इस दिन मां लक्ष्मी की भी विधिवत पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पृथ्वी पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया था, जिनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के ही दिन हुआ था। ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकट्य भी इसी दिन हुआ माना जाता है। भगवान विष्णु के चरणों से गंगा भी इसी दिन धरती पर अवतरित हुई थी। इस पर्व को लेकर लोक धारणा है कि इस तिथि को यदि चंद्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल अच्छी होगी।

# अक्षय तृतीया : समृद्धि, पुण्य और शुभारंभ का पर्व

अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान–पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा–पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख–समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना–चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है।

इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान–पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा–पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख–समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की



**'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो, यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है, यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्तिप होता है**

कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना–चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। भारत त्योहारों की भूमि है, जहां हर पर्व किसी गहरी सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक भावना से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में से एक है अक्षय तृतीया, जिसे 'अखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है।

यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष भूमिका निभाता है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म, दान, जप–तप, उपवास और सेवा कार्य 'अक्षय' यानी अविनाशी फल देने वाले माने जाते हैं। यह दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों के उच्च राशि में होने के कारण विशेष रूप से अबूझ मुहूर्त (सर्वश्रेष्ठ शुभ समय) माना जाता है, इसलिए इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना ज्योतिषीय परामर्श के भी किया जा सकता है। अक्षय तृतीया से जुड़ी अनेक पौराणिक घटनाएं हैं, जो इस दिन को अत्यधिक पवित्र बनाती हैं। भगवान परशुराम का जन्म इसी दिन हुआ था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इसी दिन युधिष्ठिर को भगवान सूर्य से 'अक्षय पात्र' प्राप्त हुआ था, जो कभी खाली नहीं होता था। व्यास जी और गणेश जी ने महाभारत की रचना इसी दिन आरंभ की थी। कुबेर ने इसी दिन मां लक्ष्मी की पूजा कर अपार धन प्राप्त किया था। भगवान विष्णु ने नर–नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में इसी दिन अवतार लिया। इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान, दान, व्रत और पूजन करते हैं। मां लक्ष्मी–नारायण की विशेष पूजा की जाती है। सोना खरीदना इस दिन की खास परंपरा मानी जाती है, क्योंकि यह 'अक्षय संपत्ति' का प्रतीक होता है। पूजा में तांबे के कलश में जल भरकर भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है। खीर, फल, पंचामृत का भोग लगाया जाता है। गरीबों और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, जल और धन का दान दिया जाता है। कन्याओं को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। भारत के कई हिस्सों में यह दिन कृषि चक्र से भी जुड़ा है। किसान इसे बीज बोने और नई फसल के लिए कामना करने का दिन मानते हैं। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में



प्रियंका सौरभ

कन्यादान और विवाह की परंपरा इस दिन विशेष रूप से प्रचलित है। इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

आभूषण कंपनियां, बैंक और निवेश कंपनियां इस दिन को अवसर के रूप में देखती हैं। लोग नया व्यापार शुरू करते हैं, मकान, ज़मीन या वाहन खरीदते हैं और सोना, चांदी, स्टॉक या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि लोगों की आर्थिक समझ और परंपरा के समन्वय का प्रतीक भी है। पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य का पर्व रहा है। यह गर्मी के मौसम की शुरुआत में आता है, जब जल संरक्षण, वृक्षारोपण, और पक्षियों के लिए पानी रखने जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया जाता है। कई सामाजिक संगठनों द्वारा इस दिन जल से सेवा (वॉटर बैंकिंग) और हरित अभियान चलाए जाते हैं। शहरी जीवन की भागदौड़ में यह एक ऐसा विराम है, जो हमें प्रकृति के साथ एक बार फिर से जुड़ने का अवसर देता है। आज के समय में जब लोग तेजी से उपभोक्तावाद और भागमभाग की ओर बढ़ रहे हैं, अक्षय तृतीया हमें आध्यात्मिक संतुलन, दया और सद्कर्मों की निरंतरता की याद दिलाता है। यह पर्व सिखाता है कि केवल बाहरी संपत्ति नहीं, बल्कि अक्षय मूल्य सच्चाई, करुणा, दानशीलता और धर्म ही जीवन को समृद्ध बनाते हैं। अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, पुण्य और सकारात्मक आरंभ का उत्सव है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में जो भी शुभ कार्य करें, वह केवल भौतिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति की ओर भी अग्रसर हो। आज जब हम अक्षय तृतीया मनाएं, तो एक वचन खुद से करें कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए भी कुछ 'अक्षय' छोड़कर जाएं।

**जो करे सेवा जल की, वृक्ष लगाए प्यार,**
**उसके जीवन में रहे अक्षय सुख–संसार।**

## अक्षय तृतीया



डॉ. सत्यवान सौरभ

**वैशाख की उजली बेला आई,**
**धूप सुनहरी देहरी पर छाई।**
**अक्षय तृतीया का मधुर निमंत्रण,**
**पुण्य–सुधा में डूबा आचमन।**

**न मिटने वाला पुण्य का सूरज,**
**हर मन में भर दे स्वर्णिम किरण।**
**सच की थाली, धर्म का दीपक,**
**दान की बूंदें, जीवन समर्पण।**

**परशुराम की वीरगाथा बोले,**
**गंगा की लहरें चरणों में डोले।**
**युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला,**
**सत्य का दीप फिर से खिला।**

**मां लक्ष्मी के पग जब आंगन आएं,**
**निर्धन के भी भाग्य मुस्काए।**
**जो दे अन्न, जल और वस्त्र,**
**उसके पुण्य हों कभी न क्षीण शस्त्र।**

**सोने से ज्यादा सोचा जाए,**
**करुणा का सौदा किया जाए।**
**पंछियों को जल, वृक्षों को जीवन,**
**अक्षय हो फिर मानव का चिंतन।**

**ना हो केवल सोने की पूजा,**
**धूल में भी खोजें आत्मारुप सूझा।**
**बिन मुहूर्त जो शुभ हो जाए,**
**ऐसा हर दिन क्यों न हो पाए?**

**खरीदें नहीं केवल आभूषण,**
**उतारें मन के भी आडंबर।**
**आस्था के संग हो सेवा,**
**तभी फले पुण्य का अमर अंतः करण।**

**ओ धन के व्यापारी, सुन ले बात,**
**अक्षय वह जो दे इंसानियत का साथ।**
**सोना–चांदी फिर भी छूटेंगे,**
**पर प्रेम, परोपकार कभी न टूटेंगे।**

**इस तिथि पर कर लो संकल्प,**
**हर कर्म हो सच्चा और सरल।**
**अक्षय बने हर दिन की चेतना,**
**पुण्य हो जीवन की प्रेरणा।**

# तनाव बरकरार

## पाक ने शुरू की मोर्चाबंदी



# युद्ध सामग्री लेकर तुर्की का विमान पहुंचा पाक

नगर। पहलगाम अटैक के जवाब में भारत के संभावित हमले को देखते हुए पाकिस्तान ने एलओसी के पास से आतंकियों को हटने का आदेश दिया है। ये इलाके कश्मीर में घुसपैठ के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के लॉन्चिंग पैड माने जाते हैं। पाकिस्तानी सेना को डर है कि भारत इन ठिकानों को निशाना बना सकता है। अभी तक कितने आतंकियों को हटाया गया है, इसकी सटीक संख्या सामने नहीं आई है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह संख्या 30-50 के बीच हो सकती है।

पाकिस्तानी सेना ने इन आतंकियों को अपने बंकरों और सुरक्षित ठिकानों में शिफ्ट किया है। सूत्रों के अनुसार, ये लॉन्चिंग पैड दुधनियाल, अथमुकाम, लीपा, फारवर्ड कहूटा और कोटली जैसे एलओसी के पास के इलाकों में हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी ट्रेकिंग एक्टिविटीज पर रोक लगा दी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि दक्षिण और उत्तर कश्मीर के कई ट्रेकिंग रूटों पर आतंकियों की आवाजाही होती है।

युद्ध की आशंका के बीच 27 अप्रैल की रात तुर्किए के सात सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान कराची और इस्लामाबाद पहुंचे। इनमें से 6 इस्लामाबाद और एक कराची के पाकिस्तान एयरफोर्स बेस फैसल पर उतरा। यह युद्ध सामग्री लेकर आए हैं। पाकिस्तानी सेना के कई टैंक (जैसे अल-खालिद) और फाइटर जेट (जैसे जेएफ-17) पुराने और सीमित क्षमता वाले हैं। ऐसे में पाकिस्तान युद्ध सामग्री जुटाने में लगा हुआ है। अरब सागर में जंगी जहाजों से मिसाइल

### पाक ने लॉन्चिंग पैड से लगभग 50 आतंकियों को हटाकर बंकरों में भेजा



टेस्टिंग भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने जंगी जहाजों से कई मिसाइलों का टेस्ट किया। यह टेस्ट पूरी तरह सफल रहा। नौसेना ने कहा कि वह दिन-रात देश की रक्षा के लिए तैयार है। समुद्र में कहीं भी कोई खतरा हो, हम उसका आसानी से सामना कर सकते हैं।

## रूसी सेना ने नष्ट किए यूक्रेन के 91 ड्रोन

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने सोमवार देर रात 40 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट कर दिए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर स्थानीय समयानुसार 28 अप्रैल रात आठ बजे से 29 अप्रैल को सुबह छह बजे तक वायु रक्षा प्रणालियों ने 91 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा, बीती रात रूस के वायु रक्षा प्रणालियों ने 40 यूक्रेनी फिक्स्ड-विग ड्रोन नष्ट कर दिए इनमें रियाज़ान क्षेत्र में 11 ड्रोन, निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में आठ ड्रोन, ओर्योल क्षेत्र में सात ड्रोन, क्रीमिया गणराज्य में चार ड्रोन, काला सागर में चार ड्रोन, मास्को क्षेत्र में दो ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में दो ड्रोन, कलुगा क्षेत्र में एक ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र में एक ड्रोन है।

# पैगंबर मोहम्मद पर विवादित ऑडियो वायरल, सीरिया में हिंसा

## जरामाना में भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के एक उपनगर जरामाना में मंगलवार को ड्रूज समुदाय के स्थानीय बंदूकधारियों और सरकार समर्थक लड़ाकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए।

यह झड़प एक सोशल मीडिया ऑडियो क्लिप के चलते शुरू हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद को लेकर बयानबाजी की गई। इस ऑडियो को एक ड्रूज़ मौलवी से जोड़ा गया, लेकिन मौलवी ने इस आरोप से इंकार किया। बढ़ते विवाद को देख ड्रूज़ मौलवी मारवान किवान ने एक वीडियो जारी कर अपना स्पष्टीकरण दिया। किवान ने कहा कि वह उस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा और जिसने भी यह ऑडियो बनाया है, वह सीरियाई समाज में संघर्ष को भड़काना चाहता है। हालांकि सीरियाई आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और बयान जारी कर बताया कि शुरुआती जांच में यह पाया गया कि मौलवी इस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

साथ ही मंत्रालय ने लोगों से कानून का पालन करने और सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य से बचने की अपील की। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, इस झड़प में चार लोग मारे गए, जबकि एक्टिविस्ट मीडिया समूह सुवेदा 24 के अनुसार, पांच लोग मारे गए और 12 घायल हुए हैं। गौरतलब है कि ऐसी झड़पें हाल के दिनों में सीरिया के ड्रूज समुदाय और सरकारी बलों के बीच बढ़ते तनाव का हिस्सा हैं। जहां बीते एक मार्च को इस्राइल ने भी जरामाना की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को तैयार रहने का आदेश दिया था, क्योंकि यह इलाका सीरियाई बलों के हमलों का शिकार हो सकता था।

# पुस्तकालय से धर्मनिरपेक्ष लेखकों की किताबें लूटी

**ढाका।** बंगलादेश में एक इस्लामी संगठन ने ढाका के तंगाली जिले के एक पुस्तकालय में लूटपाट कर उन पुस्तकों को चुरा लिया जिनके बारे में उनका दावा है कि वे नास्तिकों द्वारा लिखी गई हैं। इनमें नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम की पुस्तकें भी शामिल थी जिन्हें देश में राष्ट्रीय महत्व का प्रतीक माना जाता है। इस्लामी चरमपंथ के बढ़ते प्रभाव और बंगलादेश के धर्मनिरपेक्ष- बहुलवादी ताने-बाने के क्षय को दर्शाते हुए कट्टरपंथियों ने तंगैल धनबारी के उपजिला में खुलेआम एक पुस्तकालय में लूटपाट की। स्थानीय पुलिस ने उन्हें रोकने का कोई प्रयास नहीं किया। खिलाफत मजलिस नामक एक कट्टरपंथी समूह ने इस आधार पर पुस्तकें चुराईं कि इस जगह पर काजी नजरुल इस्लाम, रवींद्रनाथ टैगोर, जफर इकबाल, हुमायूं आजाद, हुमायूं अहमद आदि जैसे नास्तिक लेखकों की पुस्तकें रखी हुई हैं।

लगभग 400 पुस्तकें चुरा ली। इस बीच इस लूटपाट को सही ठहराते हुए समूह के धनबारी उपजिला संगठन सचिव गोलम रब्बानी उर्फ रिशाद अमीन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि धनबारी में नास्तिकता के लिए कोई जगह नहीं होगी। यह हमारा अंतिम बयान है। हमें एक ऐसी फैक्ट्री मिल गई है जो नास्तिक बनाती है। उन्होंने कहा कि अपनी फैक्ट्री बंद करो और तुरंत धनबारी छोड़ दो। तुम लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके पाखंड करते आ रहे हो। अब तुम्हें यह मौका नहीं मिलेगा। चलो साफ हो जाओ। लूटपाट की इस घटना के बारे में बताते हुए पुस्तकालय के महासचिव दुर्जय चंद्र घोष ने कहा, रात में धार्मिक वेश धारण किए 20-25 लोग पुस्तकालय में घुस आए और तरह-तरह की धमकियां देने लगे।

# विदेश में चार दिन से लापता भारतीय छात्रा मृत मिली

**ओटावा।** कनाडा में अध्ययन के लिए गई भारतीय छात्रा वंशिका कनाडा के ओटावा में रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत पाई गई है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसकी पुष्टि की है। उच्चायोग ने कहा, हमें ओटावा में भारतीय छात्रा सुश्री वंशिका की मौत की सूचना मिलने पर बहुत दुख हुआ है। मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उनके और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पंजाब के डेरा बस्सी की मूल निवासी व आम आदमी पार्टी नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका डिप्लोमा कोर्स करने के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी।

# अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस का सबूत: भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने एकजुटता दिखाई है, वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस का सबूत है। योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला, 26/11 के मुंबई हमले के बाद आम नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। भारत दशकों से सीमापार आतंकवाद का पीड़ित रहा है और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि आतंकी घटनाओं का पीड़ितों, परिवारों और समाज पर क्या असर होता है। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय में आयोजित हुए विक्टिम ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क कार्यक्रम में योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से वैश्विक समुदाय ने भारत का समर्थन किया, हम उसकी तारीफ करते हैं। पहलगाम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस आदि ने हमले कड़ी निंदा की।

## आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में हुए एक आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोग मारे गए हैं। वैनगार्ड समाचार पोर्टल ने एक सूत्र के हवाले से सोमवार को यहां बताया कि हमले में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल किया गया था। सूत्र ने कहा, मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। कुछ लोगों के मुताबिक मृतकों की संख्या 20 से ज्यादा है और कई अन्य घायल भी हुए हैं।

## अमेजन ने अंतरिक्ष में भेजी उपग्रहों की पहली खेप

**लॉस एंजिल्स।** अमेजन ने वैश्विक ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को अपने प्रोजेक्ट कुइपर के लिए उपग्रहों का पहली खेप लॉन्च की। उपग्रहों को अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट के जरिए शाम 7:01 बजे लॉन्च किया गया। अमेजन के अनुसार, केए-01 कोडनेम वाले इस मिशन की योजना पृथ्वी से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर 27 उपग्रहों को तैनात करने की है। यह मिशन अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके तहत पृथ्वी की निचली कक्षा में 3,000 से अधिक उपग्रहों का एक समूह तैनात किया जाएगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के ग्राहकों और समुदायों को उच्च गति वाली निर्बाध इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है।

# कनाडा के चुनाव में रचा गया इतिहास, मार्क कार्नी होंगे पीएम



**ओटावा।** खालिस्तान समर्थक और कनाडा के मशहूर नेता जगमीत सिंह को बड़ा झटका लगा है। कनाडा के आम चुनाव में जगमीत की एनडीपी पार्टी की करारी हार हुई है। जगमीत खुद भी चुनाव हार गए हैं। हार के बाद जगमीत ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। कनाडा के स्थानीय मीडिया के मुताबिक एनडीपी को पूरे चुनाव में सिर्फ 7 सीटों पर जीत मिली है। जगमीत खुद की सीट पर तीसरे नंबर पर पहुंच गए, जिसके बाद उनके राजनीतिक करियर खत्म होने की चर्चा भी शुरू हो गई। शुरुआती नतीजे के बाद जगमीत ने कार्यकर्ताओं से बात की। जगमीत ने कहा- मैंने मूवमेंट को कमजोर नहीं पड़ने दिया, लेकिन जनता ने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं निराश जरूर हूं, लेकिन हारा नहीं। आगे कोशिश करूंगा। जगमीत ने भावुक होकर अपने इस्तीफे की घोषणा की। 2021 के चुनाव में जगमीत की पार्टी को 25 सीटों पर जीत मिली थी। जगमीत की पार्टी सरकार में किंगमेकर की भूमिका में थी। सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले जगमीत सिंह की गिनती कनाडा के बड़े राजनेताओं में होती है। राजनीति में आने से पहले जगमीत वकालत करते थे। इसी दौरान वे खालिस्तान मूवमेंट को लेकर सक्रिय रहे। जगमीत पर खालिस्तान समर्थकों को कानूनी सहायता मुहैया कराने का आरोप है। भारत ने जगमीत को बैन कर रखा है। जगमीत कनाडा में अपने सिख राजनीति को चमकाने के लिए खालिस्तान मूवमेंट का सहारा लिया। कनाडा में सिख को अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा है। यहां की सिखों की कुल 2।1 प्रतिशत आबादी है। जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी फिर से सत्ता में वापस आ रही है। लिबरल पार्टी 166 सीटों पर जीतती नजर आ रही है। कनाडा में सरकार बनाने के लिए 172 सांसदों की जरूरत होती है।

# अमेरिका का 500 करोड़ का विमान समुद्र में डूबा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना का एक एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर से फिसलकर लाल सागर में गिर गया है। यह हादसा सोमवार 28 अप्रैल को हुआ है। यह फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस हैरी एस। ट्रूमन पर तैनात था। यूएस नेवी के मुताबिक यह हादसा तब हुआ जब नौसेना के जवान विमान को हैंगर में खींचकर ले जा रहे थे। इसी दौरान विमान हैंगर डेक से फिसलकर समुद्र में गिर गया। साथ में उसे खींचने वाला वाहन भी पानी में चला गया। विमान की कीमत 6 बिलियन डॉलर यानी करीब 500 करोड़ है। नेवी के मुताबिक विमान को खींच रहे जवानों को जैसे ही खतरे का अंदेशा हुआ वे पीछे हट गए। हादसे में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक सैनिक को चोट आई हैं। एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट अमेरिकी नौसेना का एक मॉडर्न मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसे खासतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक ही सीट वाला विमान है। यह हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम है। इसकी अधिकतम स्पीड लगभग 1900 किमी/घंटा है और यह करीब 2,300 किमी की रेंज तक उड़ सकता है। सुपर हॉर्नेट में एडवांस्ड एवियोनिक्स, रडार जैमिंग सिस्टम, और सटीक गाइडेड हथियार ले जाने की क्षमता है। यह अमेरिकी नौसेना के स्ट्राइक मिशन, टोही अभियानों और समुद्री सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि यह हादसा एयरक्राफ्ट कैरियर को मोड़ने की वजह से हुआ है। रॉयटर्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि एयरक्राफ्ट कैरियर ने हूती विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए अपनी दिशा अचानक बदली थी।

हालांकि यह साफ नहीं है कि विमान इसी वजह से गिरा है या इसके पीछे कोई और वजह थी। हूती विद्रोहियों ने 28 अप्रैल को एक बयान में कहा था कि उन्होंने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और उसके साथ मौजूद युद्धपोतों को निशाना बनाया था। हूती विद्रोहियों ने इसे अमेरिकी नरसंहार का जवाब कहा था। अमेरिका पिछले कई महीनों से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है। अब तक अमेरिकी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

## मोदी ने कार्नी को प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की जीत और मार्क कार्नी को देश का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुने जाने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मोदी ने कहा कि मैं हमारी साझीदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों का उपयोग करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तत्पर हूं।










